# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




# मुंबई में दही हांडी की धूम

## गोविंदा पथकों पर इनामों की बौछार

अमित बृज । मुंबई

मुंबई और आसपास के इलाकों में बारिश की फुहारों के साथ सुबह से दही हांडी की धूम रही। आवासीय सोसायटियों, सड़कों, चौराहों और सार्वजनिक मैदानों पर कई फूट ऊंचाई पर फूलों से सजी लटकती दही हांडी (मटकी) को गोविंदा पथक घूमकर उत्साह के साथ फोड़ा। लाखों रुपए के ईनामी मटकी गोविंदाओं को अपनी ओर आकर्षित की वहीं जन्माष्टमी और दही हांडी पर व्यापारियों ने भी करोड़ों रुपए का कारोबार किया। मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र दही-हांडी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दही-हांडी का त्योहार भाद्रपद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन यानी कि नवमी को मनाया जाता है। मुंबई, ठाणे, मीरा रोड़, भायंदर, कल्याण, नवी मुंबई और पनवेल में राजनेताओं द्वारा आयोजित दही हांडी कार्यक्रम में पुरस्कार की भारी राशि, मशहूर हस्तियों की मौजूदगी और मनोरंजन कार्यक्रमों के बीच बारिश की फुहारों ने दही हांडी उत्सव को और मजेदार कर दिया । शहर के हर नुक्कड़ और कोने में पारंपरिक ढोल की थाप तथा लोकप्रिय फिल्मी गीतों की धुनें उत्सव के उत्साह में उमंग भर दी।

### अलग-अलग जगहों पर बड़े इनाम का ऐलान

मुंबई में दही हांडी के मौके पर अलग-अलग जगहों पर बड़े इनाम का ऐलान किया गया है। भाजपा जुड़े स्वामी प्रतिष्ठान के शिवाजी पाटिल ने दही हांडी कार्यक्रम के लिए कुल 50 लाख रुपए के इनाम रखा । ठाणे में कल्चर यूथ फाउंडेशन ने विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले गोविंदा समूह को 25 लाख रुपए का रखा। 9 मानव पिरामिड बनाने वाले समूह को 11 लाख रुपए मिलेंगे।

**जन्माष्टमी पर हुआ 25 हज़ार करोड़ से अधिक का कारोबार :** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया आज देश भर में जन्माष्टमी का त्यौहार बेहद धूमधाम से मनाया गया और देश भर के मंदिरों में कहाँ सजावट हुई तो वहीं दूसरी ओर लोगों ने भी अपने घरों के मंदिरों एवं पूजा स्थलों को सुंदर तरीके से सजाया । कैट के मुताबिक देश भर में जन्माष्टमी के मौके पर लगभग 25 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार हुआ । खास तौर पर फूल, फल, मिठाई, भगवान की पोशाक, श्रृंगार का सामान, व्रत की मिठाइयां, दूध दही, माखन तथा ड्राई फ्रूट की बड़े पैमाने पर बिक्री हुई। जन्माष्टमी जैसे त्यौहार देश में सनातन अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

### महाराष्ट्र में दही हांडी पर करीब 3500 करोड़ का हुआ कारोबार

शंकर ठक्कर ने बताया महाराष्ट्र में दही हांडी यानी की गोविंदा का विशेष महत्व है हर नुक्कड़ गली में मटकी बांधी जाती है और उसे पर लाखों से लेकर करोड़ों रुपए तक के इनाम दिए जाते हैं। इन गोविंद टोलियों को हर साल अगले साल के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है यह भी एक बहुत बड़ा व्यापार का जरिया बनता है इन गोविंद पथको को टी-श र्ट, टोपिया, उनके आने-जाने के लिए ट्रक, टेंपो, मोटरसाइकिल जैसे वाहन भी उपलब्ध कराने होते हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## बदलापुर केस : आरोपी की हो सकती है आईडी परेड

**बदलापुर।** बाल यौन शोषण मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (SIT) ने विशेष पॉस्को अदालत से 24 वर्षीय चौकीदार की पहचान परेड कराने का अनुरोध किया है। बता दें कि आरोपी पर स्कूल के बाथरूम में दो चार वर्षीय लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। पुलिस की एक टीम ने सोमवार को कल्याण में विशेष पोक्सो कोर्ट के समक्ष तीसरी बार आरोपी को पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसआईटी ने सोमवार को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) के तहत मामलों से निपटने वाली विशेष अदालत को अपने अनुरोध के बारे में सूचित किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि वे अभी भी आरोपी व्यक्ति के मोबाइल फोन का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे मामले में अभी तक जब्त नहीं किया गया है।

## जय शाह निर्विरोध ICC के बने चेयरमैन

**दुबई।** भारत के जय शाह इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के नए चेयरमैन बन गए हैं। ICC ने बताया कि शाह को निर्विरोध चेयरमैन चुना गया। शाह 1 दिसंबर को चेयरमैन का पद संभालेंगे। वह फिलहाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव हैं। अब BCCI को सचिव पद पर नई पोस्टिंग करनी होगी। ICC के मौजूदा चेयरमैन न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म होगा। ICC ने 20 अगस्त को बताया था कि बार्कले लगातार तीसरी बार चेयरमैन नहीं बनेंगे। वह 2020 से इस पद पर थे।

## पूर्व डीजीपी के खिलाफ जबरन वसूली का मामला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख (डीजीपी) संजय पांडे समेत 7 लोगों के खिलाफ जबरन वसूली और अनियमितता के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। ठाणे शहर पुलिस ने सोमवार को कथित अनियमितताओं और जबरन वसूली की शिकायत मिलने के बाद पूर्व डीजीपी संजय पांडे व छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने पर गरमाई सियासत

- ▸ विपक्ष ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया
- ▸ उपमुख्यमंत्री फडणवीस बोले- नौसेना ने निर्माण कराया था

धीरज सिंह । मुंबई

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के मामले में मंगलवार को सियासत गरमा गई। सोमवार को हुई इस घटना के बाद विपक्ष ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। वहीं, मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि प्रतिमा का डिजाइन और निर्माण भारतीय नौसेना द्वारा किया गया था। बीते वर्ष चार दिसंबर को नौसेना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रतिमा का अनावरण किया था।



### सरकार बड़ी प्रतिमा स्थापित करेगी : फडणवीस

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सिंधुदुर्ग जिले में ढही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा नौसेना ने बनाई थी। राज्य सरकार ने अब उसी स्थान पर मराठा योद्धा की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करने का फैसला किया है। फडणवीस ने कहा, प्रतिमा के निर्माण की देखरेख राज्य सरकार ने नहीं बल्कि नौसेना ने की थी। प्रतिमा के निर्माण और स्थापना के लिए जिम्मेदार लोगों ने महत्वपूर्ण स्थानीय कारकों जैसे कि तीव्र हवा गति और इसमें इस्तेमाल लोहे की गुणवत्ता को नजरअंदाज किया होगा। समुद्र से उठने वाली हवाओं के संपर्क में आने के कारण प्रतिमा में जंग लगने का खतरा अधिक होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिमा ढहने की घटना की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिमा गिरने के बाद सोमवार को दावा किया था कि प्रति घंटे 45 किलोमीटर की गति से चली हवा के कारण यह घटना हुई। विपक्षी दलों ने यह कहते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस प्रतिमा को जल्दबाजी में स्थापित किया गया था।

### राजनीति न करें : केसरकर

महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उसी स्थान पर सौ फुट ऊंची एक नई प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। तटीय सिंधुदुर्ग जिले से ताल्लुक रखने वाले केसरकर ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार द्वारा जांच करा देने भर से जन भावनाएं शांत नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, अरब सागर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित किए जाने तक, मालवण में मराठा शासक की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। प्रतिमा करीब सौ फुट ऊंची होनी चाहिए।

### राउत ने मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगा

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की। साथ ही प्रतिमा के निर्माण में घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और मुगलों ने भी शिवाजी महाराज का इस तरह अपमान नहीं किया था। राउत ने कहा, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री रवींद्र चव्हाण से विभाग वापस ले लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतिमा बनाने का ठेका मुख्यमंत्री के करीबी लोगों को दिया गया।

### ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा

पुलिस ने प्रतिमा ढहने के मामले में मंगलवार को ठेकेदार और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक सहायक अभियंता ने मालवण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस आधार पर ठेकेदार जयदीप आप्टे और 'स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट' चेतन पाटिल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या का प्रयास, दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने, हत्या का प्रयास और धोखाधड़ी के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# MVA में मुंबई की 16 सीटों पर तीनों दलों में बनी सहमति



दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की घोषणा होने में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में महाविकास आघाडी के साथ-साथ महायुति के सभी दल चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं। दोनों ही गठबंधनों में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है। मुंबई की 36 विधानसभा सीटों के लिए महाविकास आघाडी के तीनों दलों कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) एवं राकांपा (शरद) के बीच सोलह सीटों पर सहमति बनने की खबर है। जबकि अभी भी एक दर्जन से ज्यादा सीटों पर पेंच फंसा हुआ है। वहीं महायुति में मुंबई में पार्टी का जनाधार मजबूत नहीं होने के बावजूद राकांपा (अजित) ने शहर में 7 सीटों की मांग की है।

**अभी भी एक दर्जन से ज्यादा सीटों पर तीनों दलों में टकराव**

### इन सीटों पर आघाडी में बनी सहमति

**शिवसेना (उद्धव) :** दिंडोशी, वर्ली, जोगेश्वरी पूर्व, मागाठाणे, शिवडी, माहिम, भांडुप पश्चिम, विक्रोली और अंधेरी पूर्व।

**कांग्रेस :** मालाड, मुंबा देवी, धारावी, बांद्रा पूर्व, चांदिवली

**राकांपा (शरद) :** अणुशक्तिनगर

**सपा :** मानखुर्द शिवाजी नगर

### एक सप्ताह में मुंबई की सीटों के बंटवारे पर दो बार चर्चा

सूत्रों का कहना है कि सोमवार को हुई महाआघाडी के नेताओं की बैठक में 16 सीटों पर सहमति बनती दिखाई दी है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने 'दैनिक भास्कर' को बताया कि जिन सीटों पर जिन दलों का कब्जा है, ज्यादातर सीटें मूल पार्टी को मिले, इसको लेकर बैठक में तीनों दलों के नेताओं ने सहमति जताई है। इसके अनुसार मालाड, मुंबा देवी, धारावी, बांद्रा पूर्व और चांदिवली की सीटें कांग्रेस को मिल सकती हैं। हालांकि चांदिवली की सीट से शिवसेना (अविभाजित) ने चुनाव जीता था लेकिन उद्धव गुट यह सीट कांग्रेस को छोड़ने को तैयार है। जबकि दिंडोशी, वर्ली, जोगेश्वरी पूर्व, मागाठाणे, शिवडी, माहिम, भांडुप पश्चिम और अँधेरी पूर्व की सीटें शिवसेना (उद्धव) के खाते में जा सकती है। शरद गुट ने अणुशक्तिनगर की सीट दावा ठोका है। जबकि मानखुर्द शिवाजीनगर की सीट समाजवादी पार्टी को छोड़ी जाएगी।

# रत्नागिरी में नर्सिंग की छात्रा से दुष्कर्म

▸ ऑटोवाले ने दरिंदगी के बाद सड़क पर फेंका

दोपहर संवाददाता । पुणे/रत्नागिरी

कोलकाता की घटना पर आक्रोश अभी थमा नहीं है कि महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में नर्सिंग की छात्रा के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है। रत्नागिरी में ऑटोवाले ने नर्सिंग की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद उसे सड़क पर फेंक दिया। पुलिस को बेहोशी की हालत में मिली छात्रा को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीड़ित छात्रा के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, तो वहीं दूसरी तरफ इस घटना के सामने आने के बाद रत्नागिरी में आक्रोश भड़क गया है।



### सड़क पर उतरीं नर्सें, फांसी की मांग

घटना के बाद से नर्सिंग की छात्राओं में गुस्सा है। नर्सों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया है और आरोपियों को फांसी देने की मांग की है। घटना के विरोध में सरकारी मेडिकल कॉलेज और जिला सामान्य अस्पताल (सिविल अस्पताल) के सामने नागरिकों ने धरना भी दिया है। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए जयस्तंभ और मारुति मंदिर की तरफ जाने वाले यातायात को दोनों तरफ से रोक दिया। अभी तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं। उसके अनुसान यह घटना उस समय हुई जब छात्रा घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुई। ऑटो चालक ने उसे नशीला पदार्थ मिला पानी पिलाया और सूनसान जगह ले गया।

**निर्देश** ▸ बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकार को कमेटी बनाने के दिए निर्देश

# 'लड़कों की मानसिकता बदलने की जरुरत'

नितिन तोरस्कर । मुंबई

बदलापुर में बच्चियों के यौन उत्पीड़न मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि लड़कों को छोटी उम्र से ही लैंगिक समानता के बारे में शिक्षित करने और संवेदनशील बनाया जाए। साथ ही उनकी मानसिकता को बदलने की जरूरत है। न्यायाधीश रेवती मोहिते डेरे और न्यायाधीश पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि समाज में पुरुष प्रधान की मानसिकता को बदलने के लिए लड़कों को कम उम्र से ही सही और गलत व्यवहार के बारे में सिखाया जाए। कोर्ट ने आगे ऐसी घटनाओं से बचने के लिए स्कूल में पालन करने वाले नियमों की सिफारिश करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।



### पुलिस की जांच पर नाराजगी जताई

बदलापुर पूर्व के एक नामी स्कूल में दो बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप स्कूल टॉयलेट साफ करने वाले व्यक्ति अक्षय शिंदे पर लगा है। पीड़ितों में से एक चार साल की है और दूसरी छह साल की है। इस मामले में काफी विरोध प्रदर्शन भी हुए। इसके बाद राज्य सरकार ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए बदलापुर पुलिस की जांच पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि पुलिस को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी। पुलिस ने एक पीड़ित और उसके परिवार को बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया था। पुलिस ने उनके घर पर बयान दर्ज करने का प्रयास भी नहीं किया। यहां पुलिस से जांच में बड़ी गलती हुई।

### महाराष्ट्र सरकार के महाधिवक्ता का जवाब


इस पर महाराष्ट्र सरकार के महाधिवक्ता (एजी) बीरेंद्र सराफ ने कहा कि बदलापुर पुलिस स्टेशन के तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि राज्य शिक्षा विभाग स्कूलों में पूर्व प्राथमिक स्तर से बच्चों को लैंगिक समानता और लैंगिक संवेदनशीलता के बारे में पढ़ाने की पहल कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि जब तक हम घर पर अपने बच्चों को समानता के बारे में नहीं सिखाएंगे, तब तक कुछ नहीं होगा।

### 'लड़कों को महिलाओं का सम्मान करना सिखाएं'

कोर्ट ने कहा कि हम हमेशा लड़कियों के बारे में बात करते हैं। हम लड़कों को यह नहीं बताते कि क्या सही है और क्या गलत? हमें लड़कों की मानसिकता बदलने की जरूरत है। उन्हें महिलाओं का सम्मान करना सिखाएं। कोर्ट ने बच्चों के बीच सोशल मीडिया के अधिक उपयोग पर अफसोस जताया। कोर्ट ने एक मराठी फिल्म का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल लड़कियों के लिए क्यों है? लड़कों के लिए क्यों नहीं?




# उल्हासनगर के मशहूर व्यवसायी की हत्या



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

शहर के जाने-माने व्यवसायी और पेट्रोल पंप मालिक रामचंद्र काकरानी (75) की उनके कार में शव पाए जाने की घटना से सनसनी फैल गयीं है। सोमवार दोपहर मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर अपनी कार में मृत पाए गए। संदेह है कि उनके ड्राइवर ने लूटपाट के इरादे से उनकी हत्या की है। मुंबई के पास नालासोपारा पुलिस फिलहाल फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है।

## कार से शव बरामद

### पेट्रोल पंप के मालिक थे रामचंद्र काकरानी

*उल्हासनगर के रिजेंसी एंटीलिया में रहने रामचंद्र काकरानी विरार के चांदसर में पेट्रोल पंप के मालिक थे। रविवार रात करीब 11:30 बजे पेट्रोल पंप के मैनेजर से 50 हजार रुपये लेकर अपनी कार क्रमांक MH-05-FG-0550) से घर के लिए निकले थे। उस समय उनके साथ उनका ड्राइवर मुकेश खूबचंदानी (54) भी था। हालांकि काकरानी घर नहीं पहुंचे और जब उनके बेटे ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो काकरानी और ड्राइवर मुकेश खूबचंदानी दोनों के फोन बंद थे। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर बेटे ने नालासोपारा पुलिस स्टेशन में अपने पिता की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सोमवार दोपहर को काकरानी का शव मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर पेल्हार पुलिस स्टेशन इलाके में एक कार में मिला। पुलिस को संदेह है कि उनकी गला घोंटकर हत्या की गई है। ड्राइवर मुकेश खूबचंदानी फिलहाल लापता है और उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। इस हत्या की खबर से पूरे उल्हासनगर में सनसनी फैल गई है।*

### मुकेश खूबचंदानी पर कई संगीन मामले दर्ज

उल्हासनगर के एक बहुत बड़े व्यवसाई राम काकरानी की हत्याकांड में लापता संदिग्ध ड्राइवर मुकेश खूबचंदानी पर इसके पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने को लेकर कई मामले दर्ज है। इसमें 17 सेक्शन के मारुति कॉम्प्लेक्स में मुकेश की टीवी रिपेरिंग की दुकान थी। उस समय दिल्ली माल लेने जाने में लेट होने पर दिल्ली जाने के लिए फोन कर गोल्डन टेंपल मेल में बॉम्ब होने की झूठी देकर रोके रखा था। इसमें रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद गुटखा स्मगलिंग के आरोप में थाने पुलिस ने भिवंडी से गिरफ्तार किया।वापी से शराब लाकर



उल्हासनगर में बेचने और भोपाल की सिल्वर पैलेस सोसायटी में अपनी बहन के सास के घर रॉबरी और उल्हासनगर के रामायण नगर में एक वृद्ध महिला को फूड डिलीवरी बॉय बनकर उसके घर लूटपाट जैसी घटनाओ अंजाम देना जैसे कई संगीन मामले दर्ज है। बताया जाता है कि हर बार गिरफ्तारी के बाद खुद को पागल साबित कर बच जाता है। फिलहाल पुलिस फरार मुकेश की तलाश में हरसंभव प्रयास कर रही है।

# ठाणे में मची गोविंदा की धूम

दोपहर संवाददाता | ठाणे

कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन दहीहंडी का उत्सव ठाणे में स्वर्गीय धर्मवीर आनंद दिघे ने मानाचा दहीहंडी की शुरुआत टेंभीनाका पर शुरू किया था आज भी वह परंपरा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जारी रखा है। शहर में छोटी बड़ी मिलाकर 1 हजार 354 हंडी बांधी गई है। गोविंदा पथक ट्रक, बस, टेंपो, मोटरसाइकिल पर सवार होकर बड़ी संख्या में दिखाई दिये। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ में मंच पर सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ,गोविंदा सहित कई फिल्मी सितारे मौजूद रहे

टेंभीनाका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ में मंच पर सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ,गोविंदा सहित कई फिल्मी सितारे मौजूद रहे। गोविंदा ने हर हर महादेव का जयकारा लगाया। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव की हंडी महायुति फोड़ेगी। संकल्प प्रतिष्ठान के दहीहंडी में चंकी पांडे,अमीषा पटेल, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष रविंद्र फाटक का सरहाना करते हुए गोविंदा पथको को शुभकामनाएं दी। टेंभीनाका उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का सत्कार सांसद नरेश म्हस्के ने किया। इस अवसर पर विधायक संजय केलकर भी मंच पर उपस्थित थे।

## शहर में शिवसेना, उद्धव गुट व भाजपा के रंग बिरंगी टी शर्ट पहनकर दिखे गोविंदा पथक



### 2024 में सत्ता की दहीहंडी हम ही फोड़ेंगे : फडणवीस

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा 2024 में सत्ता की दहीहंडी हम ही फोड़ेंगे। केसर मिल नाका पर भाजपा कृष्णा पाटील के शारदा संकल्प प्रतिष्ठान की गोकुल दहीहंडी में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधायक निरंजन डावखरे उपस्थित थे।


# लड़कियों का पीछा करने के आरोप में हिरासत में किशोर



दोपहर संवाददाता | भिवंडी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में पुलिस ने लड़कियों का पीछा करने के आरोप में 15 वर्षीय एक लड़के को हिरासत में लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक लड़की द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, यह घटना सोमवार रात करीब आठ बजे हुई। पुलिस ने बताया कि जब लड़की सड़क पर अकेली जा रही थी, तभी आरोपी ने उसका पीछा किया और उसे आपत्तिजनक इशारे किए। उन्होंने बताया कि आरोपी किशोर ने तीन अन्य लड़कियों का भी पीछा किया, जो पीड़िता की दोस्त हैं। भिवंडी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के बाद किशोर को हिरासत में लेकर सुधार गृह भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 78 (पीछा करना) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म



दोपहर संवाददाता | बदलापुर

ठाणे जिले के बदलापुर कस्बे में 16 वर्षीय लड़की के साथ उसके पिता ने कथित तौर पर कई बार दुष्कर्म किया और उसे पीटा। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी फरार है और उसे पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बदलापुर ईस्ट पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी अपनी नाबालिग बेटी के साथ अक्सर मारपीट करता था और उसने कई बार उसके साथ दुष्कर्म भी किया। ताजा घटना 22 अगस्त की है, जिसके बाद नाबालिग डर के कारण घर से भाग गई, लेकिन बाद में वापस आ गई। सोमवार को उसने पुलिस से संपर्क किया और अपने पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# वेश्यावृत्ति गिरोह संचालित करने के आरोप में केरल की महिला गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई

पुलिस ने केरल की एक महिला को नवी मुंबई में वेश्यावृत्ति का एक गिरोह संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। नवी मुंबई पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) के अधिकारियों ने शनिवार शाम को सीबीडी बेलापुर इलाके में एक आवासीय परिसर में छापा मारने के बाद महिला को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, एक खुफिया सूचना के आधार पर एएचटीसी दल के सदस्यों ने एक फ्लैट पर छापा मारा और कनकम्मा (55) को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक महिला को छुड़ाया भी गया। इसमें बताया गया है कि सीबीडी बेलापुर पुलिस थाने में अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर 13 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले में एक व्यक्ति को अपनी 13 वर्षीय पड़ोसी के साथ कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म करने और उसकी पिटाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से जानकारी दी। एक अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि पुलिस ने सोमवार को भिवंडी के न्यू आजाद नगर इलाके के निवासी 28 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने लड़की से दोस्ती की और अक्सर उसके परिवार के पास जाने लगा।

पुलिस के अनुसार जब लड़की के माता-पिता काम के लिए बाहर गए हुए थे तो वह उसके घर आया और कथित तौर पर उससे शादी करने का वादा करके उसे अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। अधिकारी ने कहा कि दुर्व्यवहार मई में शुरू हुआ और सोमवार को जब लड़की ने उसकी बात मानने से इनकार कर दिया तो आरोपी ने उसकी पिटाई की और धमकी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बेकाबू हुई टेम्पो, 9 गाड़ियां चकनाचूर

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

कल्याण-बदलापुर रोड पर मंगलवार सुबह अंबरनाथ से कल्याण की ओर तेज गति से जा रहे एक टेंपो के नियंत्रण खो देने से हुए इस हादसे में 9 गाड़ियां चकनाचूर हो गयी। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना से परिसर में डर का माहौल बन गया है। वहीं इस भीषण हादसे का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

## दुर्घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद




### चालक को मिर्गी का दौरा पड़ा

*प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, टेंपो चालक को मिर्गी का दौरा पड़ा और वह वाहन से नियंत्रण खो बैठा और इस कारण यह हादसा होना बताया जा रहा है। इस भीषण हादसे का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस टेंपो चालक को हिरासत में लेकर सेंट्रल पुलिस ठाणे ले गयी है। टेंपो चालक की मेडिकल जांच रिपोर्ट अभी नहीं आयी है। हादसे के कारण हाईवे पर यातायात अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने तुरंत यातायात प्रबंधन शुरू किया और सड़क को साफ करने का काम किया। हादसे से परिसर में डर का माहौल बन गया है और नागरिकों से अधिक सावधान रहने की अपील की गई है। इस घटना से उल्हासनगर के नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है. प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और इस बात पर विचार कर रहा है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं।*



### गाड़ियों को बड़े पैमाने पर नुकसान

कल्याण-बदलापुर सड़क पर उल्हासनगर-3 के डर्बी होटल के सामने मंगलवार की सुबह अंबरनाथ से कल्याण की ओर तेज गति से जा रहा एक टेंपो नियंत्रण खो बैठा जिस कारण एक भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में 3 से 4 रिक्शा और 5 दोपहिया वाहनों को टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से गाड़ियों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है और कुछ गाड़ियां तो पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। सौभाग्य से, इस भीषण दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कुछ ड्राइवरों और यात्रियो को मामूली चोटें आयी है।

# एक इमारत के बिजली मीटर कक्ष में लगी आग

## 50 लोगों को सुरक्षित निकाला गया



दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे शहर में सात मंजिला एक आवासीय इमारत के भूतल पर बिजली मीटर कक्ष में मंगलवार की सुबह आग लग गई जिसके बाद लगभग 50 लोगों को इमारत से सुरक्षित निकाला गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की यह घटना कासारवडवली इलाके में सुबह सात बजकर 15 मिनट की है जिसके तुरंत बाद इमारत में रहने वाले कई अन्य लोग भी बाहर निकल आए। ठाणे महानगर पालिका (टीएमसी) के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख यासीन तडवी ने कहा, ''सात मंजिला इमारत में 70 फ्लैट हैं। सुबह के समय बिजली के मीटर बॉक्स में आग लग गई और लपटें 'डक्ट' वाली जगह से सातवीं मंजिल तक फैल गईं।'

### 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद आरडीएमसी टीम के सदस्यों ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर इमारत में रहने वाले करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि कई अन्य लोग पहले ही बाहर आ गए थे। उन्होंने बताया कि एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया ।

# अलग-अलग जगहों पर ही चोरी की 4 घटनाएं



दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी पुलिस उपायुक्त सर्कल क्षेत्र में चोरी और सेंधमारी के मामलों में वृद्धि हुई है। इसी तरह सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में चोरी के तीन मामले सामने आए हैं।

### पहली घटना : शोरूम का दरवाजा तोड़कर चोरी

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पिंपल घर, भिवंडी कल्याण रोड पर स्थित मोदी किआ कार्स की अर्नव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम के शोरूम में 3 अगस्त की रात अज्ञात चोर शोरूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गया और दो लैपटॉप व 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। सुनील पाटिल की शिकायत के आधार पर 26 अगस्त को कोनगांव पुलिस स्टेशन में चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

### दूसरी घटना : ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के घर में सेंधमारी

दूसरी घटना में शहर के पास के गांव ओवली में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी प्रकाश गणपत पाटिल के घर में रात के समय चोर किसी चीज की मदद से घर के मुख्य दरवाजे का भीतरी कुंडी तोड़कर अंदर घुस गये। सेंधमारी कर बेडरूम की अलमारी के लॉकर में रखे 1 लाख 40 हजार रुपये के सोने के आभूषण चोरी कर ले गये। इस मामले में प्रकाश पाटिल की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### तीसरी घटनाः गायत्री नगर में मोबाइल फोन चुराकर फरार

तीसरी घटना में अज्ञात चोर ने शांति नगर क्षेत्र स्थित गायत्री नगर की रहने वाली सुशील गुप्ता के घर की खिड़की में हाथ डालकर दरवाजा खोला और घर में रख दो मोबाइल फोन जिनकी कीमत 50 हजार रुपए है, चोरी कर फरार हो गए। इस मामले में महिला की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

### चौथी घटनाः वकील महिला के हाथ से मोबाइल की छिनैती

इसी तरह रिक्शा में सफर कर रही महिला के हाथ से अज्ञात बाइक सवार मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। कल्याण भिवंडी रोड पर रिक्शा में जा रही एक महिला के हाथ से मोबाइल फोन चोरी करने का मामला सामने आया है। कोनगांव की वकील मुग्धा अरविंद फड़के रात करीब 10:30 बजे रिक्शा से घर लौट रही थीं, जब वह रिक्शा में अपने मोबाइल फोन पर संदेश पढ़ रही थीं, तभी उनका रिक्शा कोनगांव के बकरा मंडी में सड़क पार करने वाली सड़क के पास आया। पीछे से दोपहिया वाहन पर आए लुटेरों ने महिला के हाथ से 35 हजार रुपए कीमत का एप्पल 13 प्रो मोबाइल छीन कर फरार हो गए।

# एसटीएफ और मुंबई पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

दोपहर संवाददाता | पालघर

पालघर जिले में नाबालिग मूक बधिर बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उतरांव का है। एसटीएफ ने मुंबई पुलिस के साथ घेराबंदी कर आरोपी को प्राथमिक विद्यालय दांदूपुर के पास पक्की सड़क से पकड़ा। एसटीएफ के मुताबिक महाराष्ट्र में पालघर जिले के वालीव थाने में आरोपी के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज है। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ से संपर्क किया। इस पर एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह ने निरीक्षक जय प्रकाश राय को आरोपी की गिरफ्तारी में लगाया। मंगलवार को टीम ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ घेराबंदी कर आरोपी को उतरांव से गिरफ्तार कर लिया।



### एलईडी कंपनी में काम करता था आरोपी

*पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह मुंबई के नाइक पाड़ा वसई विरार में रहता था। वहीं पर एलईडी लाइट कंपनी में काम करता था। वहीं की 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया। वह गर्भवती हो गई। जब उसके घर वालों को पता चला तो वहां से भाग कर अपने गांव दांदूपुर पोस्ट मोतिहा थाना उतरांव प्रयागराज चला आया।*

# सरस्वती रीडिंग रूम का उद्घाटन



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

पूर्वांचल उत्थान ट्रस्ट और साकेत ज्ञानपीठ द्वारा संयुक्त रूप से संचालित सरस्वती रीडिंग रूम का उद्घाटन ठाणे के जिला कलेक्टर अशोक शिनगारे द्वारा किया गया। इस अवसर पर अशोक शिनगारे भा.प्र.से.ने पूर्वांचल उत्थान ट्रस्ट और साकेत ज्ञानपीठ के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए उपस्थित जनसमुदाय का को संबोधित किया और छात्रों से बताचीत कर उनका मार्गदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में पूर्वांचल उत्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शुक्ला ने शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य को आत्मनिर्भरता और समुदाय के विकास के लिए प्राथमिकताएँ बताते हुए संबोधित किया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का लक्ष्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को बेहतर शिक्षा और अवसर प्रदान करना है। साकेत ज्ञानपीठ के सचिव साकेत तिवारी ने साकेत ज्ञानपीठ की शिक्षा संबंधी पहलों पर प्रकाश डाला और स्किल डेवलपमेंट के लिए की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। पूर्वांचल उत्थान ट्रस्ट के ओमप्रकाश तिवारी और अजय तिवारी के नेतृत्व में कल्यान चैप्टर और साकेत ज्ञानपीठ की टीम ने इस समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित किया। शहर के गणमान्य उपस्थित थे।


# मध्य रेल ने 10वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024-25 में जीत हासिल की

दोपहर संवाददाता | मुंबई

24 से 28 अगस्त, 2024 तक मुंबई के महालक्ष्मी ग्राउंड में आयोजित 10वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मध्य रेल विजयी रही। डब्ल्यूआरएसए (WRSA) (पश्चिमी रेलवे खेल संघ) द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश भर के शीर्ष रेलवे भारोत्तोलकों ने भाग लिया। मध्य रेल की महिला भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए और राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए टीम को कुल 227 अंकों के साथ शानदार जीत दिलाई। मध्य रेल की महिला टीम ने समग्र टीम चैंपियनशिप स्वर्ण पदक भी जीता। पश्चिम (वेस्टर्न) रेलवे 224 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

## मध्य रेल की महिला टीम का प्रदर्शन

- **वंशिता वर्मा (सीसीटीसी, मुंबई मंडल)** – 81 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, क्लीन एंड जर्क में 2 नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किए।
- **सारिका शिंगारे (सीनियर क्लर्क, लोनावला)** – 49 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता।
- **साक्षी म्हास्के (सीसीटीसी, लोनावला)** 55 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता।
- **केतकी नवले (सीसीटीसी, मुंबई मंडल)** 76 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।
- **शेहल भोंगले (पॉइंट्समैन, सोलापुर मंडल)** – 87 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।
- **अमीरथ ई.पी. (जूनियर क्लर्क, भुसावल मंडल)** – 45 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा की, चौथा स्थान हासिल किया।



- **मीरा जगदाले (सीसीटीसी, माटुंगा)** 59 किलोग्राम वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया।
- **सोनल सावंत (सीसीटीसी, मुंबई मंडल)** 64 किलोग्राम वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया।
- **अश्विनी आंबेकर (डीवाई एसएस, भुसावल मंडल)** – 71 किलोग्राम वर्ग में 5वें स्थान पर रहीं।
- **स्वाति कृष्ण नायर (सीनियर सीसीटीसी, मुंबई मंडल)** – 71 किलोग्राम वर्ग में 10वें स्थान पर रहीं।

### खिलाडियों ने सीआरएसए को दिया सफलता और उपलब्धियों का श्रेय

मध्य रेल अपने खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएँ प्रदान करने में सदैव सक्रिय रहा है। खिलाड़ी अपनी सफलता और उपलब्धियों का श्रेय मध्य रेलवे खेल संघ (सीआरएसए) को देते हैं। यह संस्था नवोदित खिलाड़ियों को भर्ती करने, बढ़ावा देने, प्रशिक्षित करने और प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है ताकि वे अपने सपनों को हासिल कर सकें और रेलवे और देश के लिए सम्मान अर्जित कर सकें। सीआरएसए की योजना मध्य रेल के स्कूलों में एक पाठ्यक्रम शुरू करने की भी है ताकि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पदक जीतने की क्षमता रखने वाली युवा प्रतिभाओं को तैयार किया जा सके। 10वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे भारोत्तोलन चैंपियनशिप ने एक बार फिर रेलवे एथलीटों की अविश्वसनीय प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया है, जिससे रेलवे कर्मचारियों के बीच सौहार्द और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व को बल मिला है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# गिरफ्तारी-पूर्व जमानत पर जल्द निर्णय लेने का किया आग्रह

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने नागरिक स्वतंत्रता के लिए दिए निर्देश
- महिला पत्रकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का आरोप
- सत्र न्यायालय हर बार याचिका स्थगित कर रहा



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि जब किसी नागरिक की स्वतंत्रता का प्रश्न शामिल हो तो यह जरूरी है कि निचली अदालतें अग्रिम जमानत की मांग करने वाले आवेदनों पर अंतिम रूप से या अंतरिम संरक्षण देने के लिए जल्द-जल्द से विचार करें और निर्णय लें। पीठ ने कहा कि अलग निचली अदालतें ऐसे मामलों में निर्णय नहीं करती हैं तो हाई कोर्ट पर बोझ बढ़ जाता है। दरअसल, न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की एकल पीठ ने ठाणे के कल्याण की एक निचली अदालत द्वारा शिवसेना (शिंदे गुट) नेता वामन म्हात्रे की अग्रिम जमानत याचिका पर शीघ्र निर्णय नहीं लेने पर नाराजगी जताते हुए ये टिप्पणियां कीं।

### महिला पत्रकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का आरोप

वामन म्हात्रे पर दो बच्चियों के यौन शोषण को लेकर बदलापुर में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान एक महिला पत्रकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। शिवसेना नेता म्हात्रे ने हाई कोर्ट में अपील दायर करते दावा किया कि 22 अगस्त को कल्याण सत्र न्यायालय के समक्ष दायर उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि अंतरिम संरक्षण की मांग करने वाले उनके आवेदन पर भी विचार नहीं किया गया है।

### सत्र न्यायालय हर बार याचिका स्थगित कर रहा

उन्होंने दावा किया कि सत्र न्यायालय हर बार उनकी याचिका को स्थगित कर रहा है और अब इस पर 29 अगस्त को सुनवाई होनी है। न्यायमूर्ति संदीप मार्ने ने सत्र न्यायाधीश को निर्देश दिया कि वे म्हात्रे की अर्जी पर 29 अगस्त को ही निर्णय लें।

### अंतरिम संरक्षण की अर्जी पर विचार करना चाहिए

जस्टिस मार्ने ने कहा, ₹अग्रिम जमानत अर्जी की स्थिति के बारे में सत्र न्यायाधीश द्वारा 29 अगस्त की शाम को ही हाई कोर्ट के रजिस्ट्री विभाग के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। जब याचिका किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित है तो आदर्श रूप से न्यायालय को कम से कम अंतरिम संरक्षण की मांग करने वाली अर्जी पर विचार करना चाहिए था।

### हाईकोर्ट पर बोझ बढ़ जाता

पीठ ने कहा, अगर निचली अदालतें ऐसे मामलों पर फैसला नहीं करती हैं, तो हाई कोर्ट पर ऐसे मामलों का बोझ बढ़ जाता है। उन्हें फैसला करना चाहिए। समस्या यह है कि कोई निर्णय नहीं लिया जाता है। सत्र अदालत 29 अगस्त को उनकी गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका पर विचार करेगी और फैसला करेगी।

**अनमोल विचार** जीवन के हर दिन एक अच्छी तस्वीर देखनी चाहिए : जोहान वोल्फगैंग वॉन गोएथे

## लाडली बहन योजना के मिले पैसों से खरीदी साड़ी और भरा घर का राशन




**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना की शुरुआत की है। जिसके तहत राज्य सरकार ने रक्षाबंधन से पहले ही राज्य की महिलाओं के लिए तीन हजार रुपए की दो किस्त उनके खाते में भेज दी हैं। इसके बाद राज्य भर से लाडली बहनों के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के नाम सैकड़ों की संख्या में पत्र हर रोज मंत्रालय पहुंच रहे हैं। इन पत्रों में राखियों के माध्यम से महिलाएं शिंदे, फडणवीस और अजित का धन्यवाद व्यक्त कर रही हैं। खास बात ये है कि मुस्लिम महिलाओं ने भी मुख्यमंत्री को राखी भेजी हैं।

भ्रष्टाचार मामला

# सचिन वाजे की रिहाई याचिका पर सुनवाई से अलग हुई बॉम्बे हाईकोर्ट की जज

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

भ्रष्टाचार मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मंगलवार को पूर्व पुलिस अधिकारी सचिन वाजे की रिहाई की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर दिया है। इस मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख भी शामिल हैं। दरअसल, वाजे इस समय न्यायिक हिरासत में बंद है और जमानत पर रिहा होने की मांग कर रहे है। वाजे ने दावा किया है कि वह इस मामले में सरकारी गवाह है और अन्य सभी आरोपी जमानत पर बाहर हैं।



### क्यों अलग हुई जस्टिस भारती डांगरे ?

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने इस महीने की शुरुआत में याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की थी। इसमें कहा था कि वह पहले अंतरिम जमानत अनुरोध पर आदेश पारित करेगी और फिर याचिका पर अंतिम सुनवाई करेगी। हालांकि, मंगलवार को न्यायमूर्ति डांगरे ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति डांगरे ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा, 'मुझे तब यह एहसास नहीं था कि यह मामला अनिल देशमुख से भी जुड़ा है। मैं इससे संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकता।' याचिका अब सुनवाई के लिए दूसरी खंडपीठ के समक्ष रखी जाएगी। वाजे ने अपनी याचिका में कहा कि सरकारी गवाह घोषित किए जाने के बाद भी उन्हें जेल में रखना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### CBI ने किया था विरोध

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि वाजे ने अभी तक मामले में गवाही नहीं दी है और उन्हें जमानत पर रिहा करना मामले के हित में नहीं होगा। पूर्व पुलिसकर्मी को विशेष सीबीआई अदालत ने जून 2022 में सरकारी गवाह घोषित किया था। वाजे को उद्योगपति मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास के पास विस्फोटकों से लदे वाहन मिलने और ठाणे के व्यवसायी मनसुख हिरन की हत्या के मामले में उनकी कथित भूमिका के लिए मार्च 2021 में गिरफ्तार किया गया था।

### अप्रैल 2021 का है मामला

अप्रैल 2021 में उच्च न्यायालय ने सीबीआई को पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार और आधिकारिक शक्ति के दुरुपयोग के आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया था। इस जांच के आधार पर जांच एजेंसी ने देशमुख, उनके सहयोगियों और वाजे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

### देशमुख पर आरोप

सिंह ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन गृह मंत्री देशमुख ने पुलिस कर्मियों को महानगर के रेस्तरां और बार से हर महीने 100 करोड़ रुपये वसूलने का निर्देश दिया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में आरोपी होने के बाद पहले निलंबित किए गए वाजे को बहाल कर दिया गया था और वह देशमुख की ओर से पैसे वसूल रहा था। मामले में अन्य आरोपी देशमुख के पूर्व सहयोगी संजीव पलांडे और कुंदन शिंदे हैं। तीनों जमानत पर बाहर हैं।

# 'अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता'

## लाइब्रेरी अटेंडेंट की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट में आज नारायण गुरु कॉलेज ऑफ कॉमर्स में लाइब्रेरी अटेंडेंट के मामले पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति आरएम जोशी की एकल पीठ ने मल्लिनाथ विट्ठल वाथकर द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उनके अनियंत्रित और गलत व्यवहार की शिकायत के बाद उपनगरीय चेंबूर में नारायण गुरु कॉलेज ऑफ कॉमर्स से उनकी बर्खास्तगी को चुनौती दी गई थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉलेज के लाइब्रेरी अटेंडेंट की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए अपना फैसला सुनाया है। वाथकर ने मुंबई विश्वविद्यालय और कॉलेज ट्रिब्यूनल द्वारा उन्हें सेवा से हटाने के कॉलेज के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका खारिज करने के सितंबर 2008 के आदेश को चुनौती दी थी।




### क्या था पूरा मामला?

याचिकाकर्ता ने 1996 में कॉलेज में पहले चौकीदार के रूप में और बाद में लाइब्रेरी अटेंडेंट के रूप में काम करना शुरू किया। अपने सहकर्मियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने, प्रोफेसरों के साथ दुर्व्यवहार करने और एक प्रोफेसर करने में बाधा डालने के आरोप में उन्हें 2008 में सेवा से हटा दिया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि वाथकर के खिलाफ जांच की कार्यवाही निष्पक्ष और उचित तरीके से हुई और उन्हें सही अवसर दिया गया।

अदालत ने कहा, ₹एक शैक्षणिक संस्थान एक ऐसी जगह है जहां छात्रों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने के लिए एक अच्छे व्यवहार की उम्मीद की जाती है। इसी तरह, किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्रतिष्ठा बनाने और बनाए रखने के लिए ऐसा अनुशासन बिल्कुल आवश्यक है।

### आजकल उपद्रवी व्यवहार को बढ़ावा मिल रहा है: कोर्ट

हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान में किसी भी कर्मचारी से कोई भी अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, खासकर किसी शैक्षणिक संस्थान में। दुर्भाग्य से, आजकल उपद्रवी व्यवहार को बढ़ावा मिलता दिख रहा है। अब समय आ गया है कि समाज को स्पष्ट संदेश दिया जाए कि इस तरह के असभ्य, अनियंत्रित और हिंसक व्यवहार को स्वीकार्य आदर्श नहीं बनने दिया जा सकता है।

# 'आंख मारने और हाथ पकड़ने से महिला की गरिमा को ठेस पहुंची'

- अदालत ने शख्स को ठहराया दोषी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महिला को आंख मारकर और उसका हाथ पकड़कर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए मुंबई की एक अदालत ने 22 वर्षीय व्यक्ति को दोषी ठहराया है। हालांकि, अदालत ने आरोपी की उम्र और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, उसे कोई सजा देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार मजिस्ट्रेट आरती कुलकर्णी ने कहा कि आरोपी मोहम्मद कैफ फकीर द्वारा किया गया अपराध कम से कम आजीवन कारावास की सजा का हकदार है, लेकिन उसकी उम्र और इस तथ्य को देखते हुए कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, उसे परिवीक्षा का लाभ दिया जाना चाहिए। यह आदेश 22 अगस्त को पारित किया गया था।

### सजा से आरोपी का भविष्य प्रभावित होगा: अदालत



अदालत ने कहा कि वह महिला को हुई मानसिक पीड़ा और उत्पीड़न को नजरअंदाज नहीं कर सकती, लेकिन आरोपी को सजा देने से उसका भविष्य और समाज में उसकी छवि प्रभावित होगी। अदालत ने फकीर को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने आदेश दिया कि फकीर को 15,000 रुपये का मुचलका भरने के बाद रिहा कर दिया जाए और उसे निर्देश दिया जाए कि जब भी बुलाया जाए तो वह परिवीक्षा अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो। अप्रैल 2022 में दक्षिण मुंबई के बायकुला पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार, महिला ने एक स्थानीय दुकान से किराने का सामान ऑर्डर किया था और प्रतिष्ठान में काम करने वाला आरोपी उसे पहुंचाने के लिए उसके घर आया था।

# केवाईसी विवरण अद्यतन करने के नाम पर ठगी




**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मध्य मुंबई में एक बैंक के केवाईसी विवरण को अद्यतन करने के बहाने साइबर जालसाजों ने 73 वर्षीय एक महिला से कथित तौर पर दो लाख रुपये ठग लिये। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। एक अधिकारी ने बताया कि महिला के बेटे द्वारा सोमवार को माहिम पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद धोखाधड़ी का यह मामला सामने आया।

### केस फाइल

शिकायत के अनुसार, महिला को रविवार को एक संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि उसका बैंक केवाईसी (नो योर कस्टमर) समाप्त हो रहा है और उसे इसे तुरंत अद्यतन करना होगा। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद महिला ने अपने बेटे से संदेश में दिए गए लिंक पर विवरण अद्यतन करने को कहा। जैसे ही उसने जानकारी भरनी शुरू की, उसे एक एसएमएस प्राप्त हुआ जिसमें कहा गया कि उसके बैंक खाते से 2.2 लाख रुपये कट गए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद खाते में राशि जमा हो गई, लेकिन फिर से 2 लाख रुपये निकल गए। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बैंक की स्थानीय शाखा में गया और हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के बाद पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।


## वसई-विरार शहर महानगरपालिका

प्रभाग समिती ''अे'बोळींज

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम 1949 चे अधिसूचित तीन प्रकारण प्रकरण 8 मधील 1 (1) व 1 (2) अन्वये जाहीर नोटीस खालील मालमत्तेच्या हस्तांतरण संबंधाने वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय बोळींज येथे झालेल्या मालमत्ता धारकांच्या प्रकरणपत्वे नोटीसनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भने कोणत्याही हितसंबंधाने हरकत अगर आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 7 दिवसांचे आत हितसंबंधकाने हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय बोळींज येथे लेखी स्वरूपात हरकत नोदवावी अन्यथा करवसुलीच्या सोयीसाठी सदर हस्तांतरण करून महागरपालिका मध्ये याबाबतची नोंद घेतली जाईल.

| अ क्र | दिनांक | वॉर्ड क्र./ मालमत्ता क्र. | ज्यांचे नावे मालमत्ता आहे त्यांचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-याचे नाव किंवा अभिहस्तांकन कत्यांचे नाव | खरीदाराचे किंवा अभिहस्तांकन करत्यांचे नाव | मालमत्तेचे स्वरूप | पत्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12-07-2024 | BL07/185/30 | तनमुख हरिभाई पटेल | विपुल नारायण जाधव /अश्विनी विपुल जाधव | निवासी | किशोर कुंज इ नं 3 रूम नं ए/203 विवा कॉलेज रोड बोळींज |
| 2 | 12-07-2024 | BL07/284 | दिपीन रतिलाल पटेल | रीना सुनिल पटेल व सुनिल कुमार नारायणभाई पटेल | निवासी | रो हाऊस तिरूपती नगर |
| 3 | 12-07-2024 | BL06/155/48 | राजेश भट्टाचार्य व चंद्रा राजेश भट्टाचार्य | सुंदरादेवी मदनसिंह बिस्ट | निवासी | गोकुळ रिजन्सी रूम नं सी/301 गोकुळ टाऊनशिप बोळींज |
| 4 | 12-07-2024 | BL06/188/71 | हरिश डोभाळ व लक्ष्मी हरिश डोभाळ | सुंदरादेवी मदनसिंह बिस्ट | निवासी | मॅग्रम रूम नं सी/ 504 गोकुळ टाऊनशिप बोळींज |
| 5 | 12-07-2024 | BL06/121/62 | सुहास आर वालावलकर व दिपाली एस वालावलकर | वैभव दत्ताराम धुमक व धेदिका वैभव धुमक | निवासी | गोकुळ टाऊनशिप रोड वैभव कुटीर रूम नं डी/104 |
| 6 | 12-07-2024 | BL07/100/40 | रामलाल एफ राणा व इतर 3 आशादेवी राणा, सतीश राणा | सुनील कुमार आर राणा | निवासी | गणपती कुटीर रूम नं एम / 208 तिरूपती नगर रोड |
| 7 | 12-07-2024 | BL06/173/64 | अग्रवाल होम्स / मधु के अप्पर | गणेशकुमार अचलाराम चोधरी व डायली गणेश चोधरी | निवासी | गोकुळ अनेक्स रूम नं सी/304 गोकुळ टाऊनशिप बोळींज |
| 8 | 12-07-2024 | BL07/240/92 | सजिव कुमार शर्मा | रविंद्र शरद वाळीबे व स्मिता रविंद्र वाळीबे | निवासी | रूम नं सी / 211 श्याम हाईट्स बाय के नगर बोळींज |
| 9 | 12-07-2024 | BL07/239/75 | बेलीडा मेनेजेस | आरती भरत पवार | निवासी | सी/304 सिध्दीविनायक टॉवर बाय के नगर बोळींज |
| 10 | 12-07-2024 | BL03/309/69 | मे इरिक इन्फ्रास्कच्कर | पुजा चंद्रशेखर यादव व चंद्रशेखर किशुन यादव | निवासी | बी/405 पुष्पा पार्क रेसीडेन्सी स्टार इन्क्लेव रानपाडा बोळींज |
| 11 | 12-07-2024 | BL07/30/6 | जया वसंत पटेल व अमिषा मुकेश राठोड | गोपाल सिंह राजपुत व चंदाबाई | निवासी | युनिटेक इ नं 10 रूम नं बी/06, तिरूपती नगर रोड बोळींज |
| 12 | 12-07-2024 | BL07/221/15 | निलेश तिवारी | गीतादेवी व इंद्रमणी तिवारी | निवासी | प्रभात कॉम्पलेक्स ए टाईप रूम नं 403 बाय के नगर बोळींज |
| 13 | 12-07-2024 | BL03/323/22 | बोळेश्वरी असोसिएट्स | संगिता महेश पाटील | निवासी | संजोय इंडस्ट्रियल आणि कर्मशिल शॉप नं 23 रानपाडा बोळींज |
| 14 | 12-07-2024 | BL03/323/21 | बोळेश्वरी असोसिएट्स | बाबुलाल वामन निकुम | निवासी | संजोय इंडस्ट्रियल आणि कर्मशिल शॉप नं 22 रानपाडा बोळींज |
| 15 | 12-07-2024 | BL03/323/20 | बोळेश्वरी असोसिएट्स | वैभव प्रकाश बागुल | निवासी | संजोय इंडस्ट्रियल आणि कर्मशिल शॉप नं 21 रानपाडा बोळीज |
| 16 | 12-07-2024 | BL06/220/60 | विनय युनिक कस्ट्रक्शन | विरेंद्र हिरालाल पाल व सरोज विरेंद्र पाल | निवासी | विय युनिक रेसिडेन्सी बि नं 4 शॉप नं 4 मुलजी भाई मेहता शाळे पुढे बोळींज |
| 17 | 12-07-2024 | BL04/93/22 | तुकाराम सखाराम तटकरे व हर्षल तुकाराम तटकरे व इतर 1 | अनुपकुमार एप झा व रानी झा | निवासी | बी / 108 मंगलमुर्ती को ऑ हो सो संखाराम बाबा संकुलन बोळींज |
| 18 | 12-07-2024 | BL05/340/27 | फरिदा कामरुदीन भिमनी व कमरुद्दीन मोहम्मदअली भिमनी | हिदायतुल्ला रहमतुल्ला मकरानी व फातिमा हिदायतुल्ला मकरानी | निवासी | एस्सार अपार्टमेंट रूम नं बी / 201 विरार गार्डन दिवलई पाडा बोळींज |
| 19 | 12-07-2024 | BL07/209/27 | महेश सिताराम राणे | मोना हितेन मोदी | निवासी | बाय के नगर किशोर कुंज इ नं 4 रूम नं बी/101 बोळींज |
| 20 | 12-07-2024 | BL07/266/17 | जगन्नाथ साहू | धारा शाह | निवासी | क्रिष्णा गार्डन्स ए/403, नविन विवा कॉलेज समोर बोळींज |

जा.क्र. /176/2024-25
दिनांक : 02/08/2024

हस्ता.
प्र. सहा-आयुक्त

संपादकीय

# सुरक्षा की पेंशन

आखिरकार केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के पेंशन के मुद्दे को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए इस उलझन को दूर करने का प्रयास किया है। उसने पुरानी पेंशन और एनपीएस के बीच का रास्ता निकाल जहां कर्मचारियों के हितों को तरजीह दी है,वहीं राजकोषीय दबाव को भी कम किया है। निस्संदेह, हाल में घोषित एकीकृत पेंशन स्कीम से कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा को संबल मिलेगा। जिसमें एक निश्चित पेंशन, फैमिली पेंशन का आश्वासन तथा मुद्रास्फीति के दबाव से राहत का प्रयास सम्मिलित है। इस योजना में सेवानिवृत्ति से पहले वर्ष में बारह माह के औसत मूल वेतन का पचास फीसदी पेंशन के रूप में मिलेगा। जिसमें कर्मचारी का योगदान तो दस फीसदी ही रहेगा, लेकिन सरकार का योगदान 14 फीसदी से बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा। यह लाभ 25 साल की सेवा के बाद मिलेगा, लेकिन दस साल की सेवा वाले व्यक्ति को भी दस हजार पेंशन का लाभ मिलेगा। निस्संदेह, इस निर्णय के राजनीतिक निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह घोषणा ऐसे वक्त में की गई है जब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में चुनाव कार्यक्रम घोषित है और साल के अंत तक महाराष्ट्र व झारखंड में चुनाव होने हैं। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में विपक्षी दलों ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन की मांग को हवा देते हुए इसे राजनीतिक मुद्दा बनाया था। कहा गया कि हिमाचल प्रदेश में आये जनादेश का एक बड़ा कारण पुरानी पेंशन का मुद्दा था। हालांकि, राजस्थान व पंजाब आदि राज्यों में यह मुद्दा वैसा प्रभावी नजर नहीं आया। निस्संदेह, मुद्दा लोकलुभावन तो था लेकिन पुरानी पेंशन को लागू करने से भारी वित्तीय दबाव बढ़ने की चिंता जतायी गई। तभी बीते साल आरबीआई ने ओपीएस के विकल्प का चयन करने वाले राज्यों पर बढ़ने वाले आर्थिक दबाव पर चिंता जतायी थी। निस्संदेह, इससे सरकारों का राजकोषीय घाटा निरंतर बढ़ने का भी खतरा था। जिसके चलते इस योजना को वर्ष 2004 में समाप्त किया गया था। फिर उसी राह पर लौटना व्यावहारिक भी नहीं था। दरअसल, राजग सरकार का कहना है कि एकीकृत पेंशन योजना वित्तीय अनुशासन के अनुरूप है, जो कि सरकार द्वारा वित्तीय सहायता के साथ कर्मियों के अंशदान से मूर्त रूप लेती है। जिससे जहां एक ओर सेवानिवृत्ति के बाद कर्मियों को वित्तीय सुरक्षा मिल सकेगी, वहीं राजकोषीय विवेक में भी संतुलन बन सकेगा। दरअसल, विपक्षी दलों द्वारा पुरानी पेंशन को मुद्दा बनाने के बाद केंद्र सरकार ने इसके विकल्प पर गंभीरता से विचार किया। फिर अप्रैल 2023 में तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की प्रधानी में बनी कमेटी ने चिंतन-मनन के उपरांत जो सिफारिश सरकार को सौंपी, बीते शनिवार मोदी सरकार के मंत्रिमंडल ने उसे हरी झंडी दिखा दी। बहरहाल, यह लोकतंत्र की खूबसूरती कही जा सकती है कि जन दबाव में सरकार को बड़ा फैसला लेना पड़ा है। निस्संदेह, पूरा जीवन राजकीय सेवा में लगाने वाला कर्मचारी रिटायर होने के बाद आर्थिक असुरक्षा में घिर जाता है। वह भी तब जब देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाएं नगण्य हैं। सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सीमित होने,बढ़ती उम्र की बीमारियों के दबाव तथा बच्चों की अनदेखी के चलते पूर्व कर्मियों को उपेक्षित जीवन जीने को बाध्य होना पड़ता है। यही वजह है कि देश में एकीकृत पेंशन योजना को सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। विपक्षी दल भी विरोध करने के बजाय कह रहे हैं कि उनकी मुहिम से ही यह पेंशन योजना अस्तित्व में आयी। वहीं कर्मचारियों के लिये एनपीएस के विकल्प भी खुले रहेंगे। दूसरी ओर सरकार को निजी क्षेत्र के करोड़ों कर्मचारियों की वित्तीय असुरक्षा को महसूस करते हुए उन्हें नई पेंशन का लाभ देने की दिशा में भी गंभीरता से सोचना चाहिए। बहरहाल, केंद्र सरकार ने मध्यम वर्ग को एक राहत देने की कोशिश की है।

शख्सियत | मिर्जा राजा जय सिंह

## कच्छवाह शासकों में सबसे महत्वपूर्ण एवं योग्य शासक



मिर्जा राजा जय सिंह आमेर के कच्छवाह शासकों में सबसे महत्वपूर्ण एवं योग्य शासकों में से एक हैं। इन्हें आमेर का सर्वाधिक विकास इन्हीं के शासनकाल में हुआ। मिर्जा राजा जय सिंह आमेर के राज्य के राजा थे। उन्होंने सन् 1621-1667 (46 वर्ष) तक आमेर रियासत की गद्दी संभाली रखी थी। जय सिंह आमेर ने मुग़ल दरबार में सेनापति के पद पर रहते हुए सबसे ज्यादा सेवाएं देने वाले शासक थे। जय सिंह को मुग़ल बादशाह शाहजहां के द्वारा सन् 1637 ई. में मिर्जाराजा की उपाधि से नवाजा गया था।

मिर्जा राजा जय सिंह का जन्म 15 जुलाई 1611 को आमेर में हुआ था। उनके पिता राजा महा सिंह थे और उनकी माता दमयंती थीं, जो मेवाड़ की एक सुंदर राजकुमारी थीं। मिर्ज़ा राजा भाव सिंह का कोई पुत्र नहीं था, जिसके कारण 1621 ई. में उनके छोटे भाई महासिंह के पुत्र जय सिंह प्रथम मात्र 11 वर्ष की आयु में आमेर के शासक बने। अपने शासन काल के दौरान मिर्जा राजा जय सिंह ने मुग़ल बादशाह जहांगीर व शाहजहां की सेवा की थी। शाहजहां के शासन काल में इन्होंने 1629 ई. में उज़बेगों के विद्रोह का भी सफलतापूर्वक दमन किया था।

11 जून 1665 ई. को महाराज शिवजी और जय सिंह के बीच एक संधि हुई, जिसे पुरन्धर की संधि की नाम से जाना जाता है। इससे खुश होकर औरंगज़ेब से उनके पद को बढ़ा दिया और उन्हें आगे बीजापुर अभियान पर भेज दिया।

28 अगस्त 1667 ई. को औरंगज़ेब के कहने पर जय सिंह के ही विश्वासपात्र सामंतो ने इनकी वापसी में बुरहानपुरॉ में जहर देकर इन्की हत्या कर दी थी। यहीं बुरहानपुर में मिर्ज़ा राजा जय सिंह की 38 खम्बों कि छतरी मौजूद है। इनकी मृत्यु की पश्चात् इनके ज्येष्ठ पुत्र राम सिंह प्रथम (1667 -1682 )व उनके बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र बिशन सिंह( 1682 -1700) आमेर के राजा बनते है, जिनके पुत्र सवाई जय सिंह/जय सिंह द्वितीय (1700-1743) हुए।

# राजनेताओं से मुक्त पुलिस ही दिलाएगी न्याय



बीएल वोहरा

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक युवा प्रशिक्षु डॉक्टर की बलात्कार एवं हत्या ने न केवल पश्चिम बंगाल में बल्कि समूचे देश में रोष एवं उद्वेलन पैदा किया। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल और पुलिस पर इस जघन्य अपराध की जांच में तेजी न लाने का आरोप लगा है। केंद्र में सत्तारूढ़ सरकार और राज्य सरकार एक-दूसरे पर आरोप लगाने में लगे हैं। आरोप-प्रत्यारोपों का राजनीतिक खेल चला हुआ है, जिसमें पुलिस फुटबॉल की तरह बनी हुई है। अब जबकि जनता के भारी दबाव के बाद, जांच सीबीआई को सौंपी जा चुकी है, तो सूबा सरकार पड़ताल कुछ ही दिनों में पूरी करने की मांग करने लगी है। खुद को राजनीतिक नुकसान से बचाने के लिए, इसके सदस्य आरोपियों के लिए मौत की सज़ा की मांग करने के लिए सड़कों पर उतर आए।

कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए तीखी टिप्पणियां की हैं। इसने राज्य सरकार को एक नोटिस भेजा है और एक कार्य बल का गठन किया है जो अस्पतालों में सुरक्षा की समीक्षा करने के बाद सुधार के उपाय बताएगा, और कुछ अन्य सुझाव अपनी तरफ से भी दिए हैं।

कोलकाता में कुछ दिन पहले एक और समस्या उत्पन्न हुई, जब शहर के विभिन्न इलाकों में कानून-व्यवस्था की नाजुक स्थिति को संभालने के लिए अधिकांश पुलिस बल की तैनाती के कारण साल्ट लेक स्टेडियम में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच डूरंड कप फुटबॉल मैच रद्द करना पड़ा। इससे भड़के युवाओं की भीड़ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लाठीचार्ज किया गया और कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उधर, महाराष्ट्र के बदलापुर में दो स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़ की घटना ने देशभर में व्याप्त आक्रोश को और बढ़ा दिया। हमारे देश में भयावह अपराध और राजनीतिक कीचड़ उछालना कोई नई बात नहीं है। वर्षों से यही होता आया है और होता रहेगा, क्योंकि मूल बीमारी का इलाज कोई नहीं करना चाहता, केवल लक्षणों का उपचार करने में लगे रहते हैं। व्याधि यह है कि सूबों में पुलिस सत्तारूढ़ दल की निजी सेना बनकर रह गई है क्योंकि पुलिस अधिनियम, 1861 के अंतर्गत वह कार्यपालिका के प्रति जवाबदेह है – इसका मतलब है सत्तारूढ़ दल के नेताओं के आदेश से बंधना। कहने की जरूरत नहीं है कि तमाम राजनीतिक दल पुलिस पर इस किस्म के नियंत्रण से बहुत खुश हैं। यह बात भारत के सभी सूबों और पार्टियों के लिए सच है। इसीलिए आम नागरिक के लिए कोई न्याय नहीं है, क्योंकि पुलिस ज्यादातर सत्ताधारी पार्टी के निर्देशों के अनुसार काम करती है, खासकर जब मामला हाई-प्रोफाइल अपराध का हो। कार्रवाई भी सत्तारूढ़ दल के हितों को ध्यान में रखकर की जाती है।

बेशक, अपना काम कुशलतापूर्वक नहीं करने के लिए दोष पुलिस नेतृत्व पर भी आता है, दुर्भाग्यवश इसके पीछे काफी हद तक वजह है भ्रष्टाचार और करिअर हितों के कारण फर्ज से समझौता करना, लिहाजा कई पुलिसकर्मी राजनेताओं से हाथ मिला लेते हैं, मुख्यतः इसलिए भी क्योंकि यह राजनेता ही हैं, जो उन्हें तरक्की-इनाम दिलवा सकता है या फिर कई तरीकों से तंग कर सकता है। हम अभी भी 1861 के कानून पर अटके पड़े हैं। एक बार पुलिस को संविधान और संसद के प्रति जवाबदेह बना दिया जाए तो स्थिति में काफी सुधार होगा। तब हमारी पुलिस भी कई अन्य देशों की भांति बिना किसी डर के, कानून के अनुसार स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकेगी। हालांकि, सोली सोराबजी समिति द्वारा मॉडल पुलिस अधिनियम बनाए कई साल गुजर गए। लेकिन कोई भी इस पर अमल नहीं करना चाहता, यहां तक कि केंद्र सरकार भी नहीं।

हैरत यह है कि सुप्रीम कोर्ट, जिसने खुद 2006 में पुलिस सुधारों पर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, वह भी अपने निर्देशों पर अक्षरशः कार्रवाई नहीं करने के लिए राज्य सरकारों को अवमानना नोटिस जारी करने को उत्सुक नहीं है। सूबा सरकारों ने उन निर्देशों पर महज लीपापोती की है। अंग्रेजों ने हमें पुलिस के लिए जो कानून और प्रक्रियाएं दीं, वे समय की जरूरत के अनुसार बदलती थीं और तेजी से अद्यतित होती थीं। राजनीतिक दलों द्वारा मामलों का राजनीतिकरण न किए जाने से न्याय त्वरित होता है। ब्रिटेन में हाल ही में हुए दंगों में, बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के, कुछ दंगइयों को अपराध किए जाने के कुछ ही दिनों के अंदर 20 महीने के लिए जेल भेज दिया गया है! क्या आप भारत में ऐसा होने की कल्पना कर सकते हैं? एक अन्य समस्या देश में पुलिस बल की दयनीय स्थिति है। गंभीर अपराध वाले मामलों की तफ्तीश करने में पुलिस को कई प्रकार के संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है। तिस पर संख्या बल कम है। भवन, वाहन, उपकरण आदि से संबंधित ढांचागत कमियों के अलावा साइबर अपराध जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए लगभग पांच लाख रिक्तियां हैं, सूची अंतहीन है।

पुराने ज़माने के कानून और प्रक्रियाएं न्याय प्रदान करने में एक अन्य बाधा है। हाल ही में लागू हुए नए आपराधिक कानूनों में भी कई खामियां हैं। दुखद यह है कि इन कानूनों को बनाते वक्त पुलिस अधिकारियों, वकीलों और न्यायाधीशों से सलाह नहीं ली गई है, जबकि आपराधिक मामलों को रोजाना वही देखते हैं। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में, केंद्रीय पुलिस बलों को तरजीह देकर राज्य पुलिस बलों की उपेक्षा की गई है, इसके जिम्मेवार कुछ हद तक राज्य सरकारें भी हैं, क्योंकि पुलिस विभाग सूबा सरकार का विषय है। हर कोई, जो इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है, ब्रिटिश व्यवस्था की तर्ज पर न्यायिक सुधार, यानी त्वरित न्याय की बात कर रहा है, लेकिन ज़मीन पर कुछ भी नहीं हो रहा है। न्यायिक अदालतों में लगभग पांच करोड़ मामले लंबित पड़े होने और यह संख्या दिन-ब-दिन बढ़ते जाने से आम नागरिक के लिए कोई उम्मीद नहीं रह गई। इस बाबत कोई कुछ नहीं कर रहा। इसलिए, भारत में आम आदमी के लिए न्याय तब तक मिलना मुश्किल है जब तक कि आवश्यक कार्रवाई पर्याप्त तेजी से नहीं की जाती। हमारे पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए, निकट भविष्य में यह होने की संभावना नहीं है।



केंद्र देवताओं के प्रतीक धारण किये हैं जो हमारे विकास के लिए जिम्मेदार हैं, जिन्होंने हमें मार्गदर्शन देकर, हमें नेतृत्व देकर विकसित होने में मदद की है। पूरी कार्रवाई सहज रही है।

सहज योग

# मनुष्य को संपूर्णता में समझना

आज आपको हमारे स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित करने वाली तीन शक्तियों और हमारे सभी स्वायत्त व्यवहार की देखभाल करने वाले सात केंद्रों के बारे में बताने के बाद, जो हमारे विकास के विभिन्न चरणों के मील के पत्थर हैं। केंद्र देवताओं के प्रतीक धारण किये हैं जो हमारे विकास के लिए जिम्मेदार हैं, जिन्होंने हमें मार्गदर्शन देकर, हमें नेतृत्व देकर विकसित होने में मदद की है। पूरी कार्रवाई सहज रही है। जैसा कि मैंने कल आपको बताया, 'सहज': 'सह' का अर्थ है 'साथ', 'ज' का अर्थ है 'जन्म', आपके साथ पैदा हुआ। एक बीज में वृक्ष और भविष्य में आने वाले सभी वृक्षों का पूरा नक्शा सूक्ष्मतम रूप से रखा होता है। उसी तरह, हमारे अस्तित्व में, पूरा नक्शा रखा गया था। अमीबा या उससे भी पहले की अवस्था से हम इंसान होने के लिए काफी लंबी दूरी पार कर चुके हैं।

आज मैं आपको सामान्य मानव चेतना के आसपास क्या है इसके बारे में बताने जा रही हूँ। हमें मनुष्य को उसकी संपूर्णता में समझना होगा। जो कुछ भी अज्ञात है उस सारे को जानना बहुत आवश्यक है, क्योंकि जो कुछ भी अज्ञात है वह सब परमात्मा नहीं है। हमें ऐसी गलतफहमी नहीं होना चाहिए की जो कुछ भी अज्ञात है वो एक दिव्य शक्ति स्वरुप है। और मनुष्य की संपूर्णता को समझने के लिए आपको अपना दिमाग खोलना होगा, मुझे ऐसे सुनना होगा जैसे कोई वैज्ञानिक किसी परिकल्पना को सुनेगा या समझेगा, और बाद में यदि आपको बोध प्राप्त होगा – अगर आप हैं; यह बहुत बड़ा "अगर" कुछ लोगों के साथ है, कुछ लोगों के साथ यह नहीं है – तब आप सभी गवाही दे सकते हैं, आप पता लगा सकते हैं, लेकिन एक वैज्ञानिक के रूप में आपके पास एक खुला दिमाग होना चाहिए। यदि आप कट्टर हैं, भले ही आप विज्ञान के दीवाने हैं, आप समझ नहीं सकते। विज्ञान प्रेम के बारे में कुछ नहीं जानता; यह धर्म के बारे में कुछ भी नहीं जानता है।

यह अवतारों के बारे में कुछ भी नहीं जानता है। लेकिन आज यह सिद्ध किया जा सकता है कि एक ऐसी शक्ति मौजूद है जो सभी कार्यरत शक्तियों का संश्लेषण है। और ईश्वरीय प्रेम की सर्वव्यापी शक्ति मौजूद है। लेकिन इसके लिए आपको एक सूक्ष्म व्यक्तित्व होना होगा। इस स्थूल मानव चित्त के साथ, आप इसे महसूस नहीं कर सकते।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | जोहान वोल्फगैंग वॉन गोएथे : जन्म- 28 अगस्त 1749 | जन्म

# जीवन के हर दिन एक अच्छी तस्वीर देखनी चाहिए

जोहान वोल्फगैंग वॉन गोएथे एक जर्मन कवि, नाटककार, उपन्यासकार, वैज्ञानिक, राजनेता, थिएटर निर्देशक और आलोचक थे। उनका जन्म 28 अगस्त 1749 को फ्रैंकफ़र्ट, जर्मनी में हुआ था। जोहान वोल्फगैंग व्यापक रूप से जर्मन भाषा का सबसे महान और सबसे प्रभावशाली लेखक माना जाता है। 22 मार्च 1832 को वाइमर जर्मनी में उनका निधन हो गया।

यदि आप किसी व्यक्ति के साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं जैसा वह है, तो वह वैसा ही रहेगा जैसा वह है। लेकिन अगर आप उसके साथ ऐसा व्यवहार करेंगे, जैसे कि वह वही है जो उसे होना चाहिए और हो सकता है, तो वह वही बन जाएगा जो उसे होना चाहिए और हो सकता है।

एक आदमी को थोड़ा संगीत सुनना चाहिए, थोड़ी कविता पढ़नी चाहिए और अपने जीवन के हर दिन एक अच्छी तस्वीर देखनी चाहिए, ताकि सांसारिक चिंताएं उस सुंदरता की भावना को खत्म न कर दें जो भगवान ने मानव आत्मा में प्रत्यारोपित की है। साहसी विचार ऐसे हैं जैसे शतरंज के खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं। उन्हें हराया जा सकता है, लेकिन वे विजयी खेल शुरू कर सकते हैं।जैसे ही आप खुद पर भरोसा करेंगे, आपको पता चल जाएगा कि कैसे जीना है। अव्यवस्थित दिमागों को खोजने के लिए हमें पागलखाने में जाने की ज़रूरत नहीं है; हमारा ग्रह ब्रह्मांड का मानसिक संस्थान है। मेरे पास हृदय है, वह महान आत्मा है, जिसकी उपस्थिति में मैं अपने वास्तविक अस्तित्व से कहीं अधिक प्रतीत होता था, क्योंकि मैं वह सब कुछ था जो मैं हो सकता था। इंसान दुनिया में वही देखता है जो उसके दिल में होता है। आप किसी व्यक्ति के चरित्र का अंदाजा इस बात से आसानी से लगा सकते हैं कि वह उन लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है जो उसके लिए कुछ नहीं कर सकते।



मानव जाति एक नीरस मामला है। ज्यादातर लोग जीने के लिए अपने समय का बड़ा हिस्सा काम करने में बिताते हैं और जो थोड़ी सी आज़ादी बची रहती है वह उन्हें इस कदर डर से भर देती है कि वे इससे छुटकारा पाने के लिए कोई भी उपाय ढूंढने लगते हैं।

प्रेरक प्रसंग

## कालूराम की बचत

कालूराम एक छोटे से गांव का रहने वाला एक बहुत ही गरीब व्यक्ति था।वह सुबह जो भी कमाता वह सिर्फ उसके रात का इंतजाम कर पाता था। दूसरे दिन अगर वह नहीं कमाए तो घरवाले भूखे रह जाते थे। एक समय ऐसा आया की कालूराम की तबीयत थोड़ी खराब होने लगी और न कमाने के कारन आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने लगी ।कालूराम आर्थिक स्थितियों से परेशान हो गया और अब घर कैसे चलेगा इसके कारन वह परेशान हो गया। पूरी तरह से वह हार गया था, टूट गया था। उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि अब क्या होगा उसे लग रहा था कि बस अब मैं इस आर्थिक परिस्थिति को कभी ठीक नहीं कर पाऊंगा। कालूराम की पत्नी उसके पास गई और कहा कि आप चिंता मत करो मुझे पता है कि आपके मन में क्या चल रहा है। कालू राम की पत्नी ने कहा, निश्चिंत रहो हमारे पास कई महीनों का राशन पड़ा है ।मैं थोड़े-थोड़े कर कर राशन बचाती थी जिससे विकट परिस्थिति में काम आ सके ।यह सुनकर कालूराम के ऊपर से जो पहाड़ जैसा भार था वह तुरंत ही चला गया और उसे समझ आ गया कि थोड़ी-थोड़ी बचत अगर हम करें तो भविष्य में हमें परेशानियों से लड़ने की हिम्मत मिलेगी।

## सुंदरता

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीनभावना भरने लगी और वह दुखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा – तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला – दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी।

वह तोते के पास गया। बोला – तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे ? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। और बोला – शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सोलह संस्कारों का महत्व

(भाग 1)

ज्योतिष के अनुसार क्या विवाह को टूटने से बचाया जा सकता है। कहा जाता है कि संस्कार से ही समाज में बड़े-छोटे, पढ़े-लिखे की पहचान होती है। भारतीय समाज में इन्हीं संस्कारों की वजह से प्राचीन काल से एक से बढ़कर एक वीर, तपस्वी, न्यायप्रिय शासक, विवेकशील व्यापारी, स्वामी भक्त सेवक, कवि, दार्शनिक और वैज्ञानिक पैदा होते रहे हैं। संस्कारों की ही वजह से हजारों वर्षों की परतंत्रता भी हमारी सभ्यता संस्कृति को मिटा ना सकी। जीवन-लक्ष्य की प्राप्ति में ये संस्कार हमारी मदद करते हैं।

कुल सोलह संस्कार माने गए हैं जो वेदों के जमाने से चली आ रही हैं। ये संस्कार हमारे जीवन, वैभव और व्यक्तित्व विकास से सीधे जुड़े हुए हैं। इन्हीं संस्कारों में विवाह संस्कार प्रमुख है क्योंकि इससे ही मनुष्य गृहस्थाश्रम का आरम्भ करता है। कई महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन केवल युगल रूप में ही संभव है। विवाह के द्वारा दो शरीर ही नहीं बल्कि दो आत्माओं का जन्म-जन्मान्तर का मिलन कराया जाता है। इसलिए सही जीवन-साथी के चयन हेतु ज्योतिषी वर-वधु के गुण, गोत्र, वर्ण आदि पर विचार करते हैं। विवाह पूर्व जितनी सावधानी से वर-वधु मिलान करेंगे, टूटने की सम्भावना उतनी कम होगी।



**मुहूर्त विचारः** मूल, अनुराधा, मृगशिरा, रेवती, हस्त, उत्तरफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, स्वाति, मघा और रोहिणी नक्षत्रों में तथा ज्येष्ठ, माघ, फाल्गुन, वैशाख, मार्गशीष और आषाढ़ महीनों में विवाह संपन्न करना शुभ माना गया है। विवाह में वधू के लिए गुरुबल, वर के लिए सूर्यबाल तथा दोनों के लिए चंद्रबल पर विचार करना चाहिए। आधुनिक पंचांग में विवाह मुहूर्त लिखे रहते हैं। सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त का ही चयन करना चाहिए। किसी विवशता में ही माध्यम और निम्न मुहूर्तों का चयन करना चाहिए। **गुरुबल विचारः** गुरु महाराज कन्या की राशि से द्वितीय, सप्तम, नवम, पंचम, और एकादश में शुभ होता है तथा प्रथम, तृतीय, षष्ठ और दशम में दान देने से शुभ होता है। गुरु कन्या की राशि से चतुर्थ, अष्टम और द्वादश अशुभ होता है।

**सूर्यबल विचारः** सूर्य वर की राशि से तृतीय, षष्ठ, दशम, एकादश शुभ माने जाते हैं। यदि सूर्य वर की राशि से प्रथम, द्वितीय, पंचम, सप्तम और नवम हो तो दान देने से शुभ हो जाते हैं। यदि सूर्य वर की राशि से चतुर्थ, अष्टम और द्वादश हों तो अशुभ माने जाते हैं।

**चंद्रबल विचारः** चन्द्रमा वर और कन्या की राशि से तीसरा, छठा, सातवाँ, दसवां, ग्यारहवां शुभ होता है और पहला, दूसरा, पांचवां, नौवां दान देने से शुभ होता है। लेकिन चौथा, आठवां और बारहवां अशुभ ही होता है।

शुभ लग्नः तुला, मिथुन, कन्या, वृषभ एवं धनु लग्न शुभ हैं। अन्य लग्न माध्यम माने जाते हैं।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# मन स्वस्थ, दिल मस्त

## पांच आसान मंत्र



जीवन व्यस्त और कभी-कभी तनावपूर्ण हो सकता है, लेकिन अपने दिमाग को स्वस्थ रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अपने शरीर की देखभाल करना। कल्पना करें कि आप शांत, खुश और हर दिन का सामना मुस्कुराहट के साथ करने के लिए तैयार हैं। यह तब संभव है जब आप अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सरल कदम उठाते हैं। इस गाइड में, हम खुश और संतुलित रहने के पांच आसान तरीके बताएंगे, चाहे जीवन में आपके सामने कोई भी चुनौती क्यों न आए।



### सक्रिय रहें

व्यायाम सिर्फ़ आपके शरीर के लिए ही अच्छा नहीं है; यह आपके दिमाग के लिए भी बहुत अच्छा है। दिन में सिर्फ 30 मिनट के लिए भी अपने शरीर को हिलाना तनाव को कम करने और अपने मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। आपको जिम जाने की जरूरत नहीं है – टहलना, नाचना या यहां तक कि बागवानी भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है।

### अच्छा खाएं

आप जो खाते हैं, उसका असर आपके मूड पर भी पड़ता है। फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से बना संतुलित आहार आपके दिमाग को जरूरी पोषक तत्व देता है। बहुत ज्यादा चीनी या जंक फूड खाने से बचें, क्योंकि ये आपको थका हुआ और उदास महसूस करा सकते हैं।

### पर्याप्त नींद लें

मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद बहुत ज़रूरी है। हर रात 7-9 घंटे सोने का लक्ष्य रखें। नींद आपके दिमाग को आराम और रिचार्ज करने में मदद करती है, जिससे आप दिन भर ज्यादा केंद्रित और ऊर्जावान महसूस करते हैं। सोने से पहले आराम करने वाली दिनचर्या बनाएं, जैसे पढ़ना या गर्म पानी से नहाना, ताकि आपको नींद आने में मदद मिले।

### दूसरों से जुड़ें

दोस्तों, परिवार या यहाँ तक कि पालतू जानवर से बात करने से आपको कम अकेलापन और ज़्यादा सहारा महसूस हो सकता है। अपने विचारों और भावनाओं को किसी ऐसे व्यक्ति के साथ साझा करना जिस पर आप भरोसा करते हैं, आपका मूड बेहतर कर सकता है और आपको ज्यादा जुड़ाव महसूस करने में मदद कर सकता है। याद रखें, ज़रूरत पड़ने पर मदद माँगना ठीक है।

### अपने लिए समय निकालें

ऐसी चीजें करना ज़रूरी है जो आपको पसंद हों। हर दिन कुछ समय कुछ ऐसा करने में बिताएं जिससे आपको खुशी मिले, जैसे किताब पढ़ना, पेंटिंग करना या बस आराम करना।

# किशमिश का फायदा, सेहत में लाए सच्चा जादू

किशमिश छोटे सूखे अंगूर होते हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि आपके शरीर के लिए कई फ़ायदेमंद भी होते हैं। किशमिश खाने से पाचन में मदद मिलती है, आपको ऊर्जा मिलती है और हड्डियां मजबूत होती हैं। ये रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी मदद करते हैं और आपकी कोशिकाओं की सुरक्षा के लिए एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करते हैं। इस गाइड में, हम पाँच आश्चर्यजनक तरीकों के बारे में जानेंगे जिनसे किशमिश आपकी सेहत को बेहतर बना सकती है और क्यों इसे आपके आहार का हिस्सा होना चाहिए।



### ○ पाचन को बढ़ावा देता है

किशमिश में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो आपके पाचन तंत्र के लिए बहुत अच्छा है। फाइबर आपके मल त्याग को नियमित रखने में मदद करता है और कब्ज को रोकता है। किशमिश खाने से आपका पाचन तंत्र सुचारू रूप से काम कर सकता है और आपको आरामदायक महसूस करा सकता है।

### ○ ऊर्जा प्रदान करता है

किशमिश शर्करा का एक प्राकृतिक स्रोत है, जिसमें ग्लूकोज और फ्रुक्टोज शामिल हैं। ये शर्करा आपको तुरंत ऊर्जा प्रदान करती हैं, जिससे किशमिश एक बढ़िया नाश्ता बन जाता है, अगर आपको दिन के दौरान ऊर्जा की आवश्यकता होती है। वे आपको अधिक सतर्क और कार्य करने के लिए तैयार महसूस करने में मदद कर सकते हैं।

### ○ हड्डियों को स्वस्थ रखता है

किशमिश में कैल्शियम और बोरॉन जैसे महत्वपूर्ण खनिज होते हैं, जो मजबूत हड्डियों के लिए आवश्यक हैं। कैल्शियम हड्डियों की मजबूती बनाने और उसे बनाए रखने में मदद करता है, जबकि बोरॉन हड्डियों के स्वास्थ्य का समर्थन करता है और आपके शरीर को कैल्शियम का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद करता है। नियमित रूप से किशमिश खाने से हड्डियाँ स्वस्थ रहती हैं।

### ○ रक्तचाप में मदद करता है

किशमिश में पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो रक्तचाप के स्तर को प्रबंधित करने में मदद करता है। पोटेशियम आपके आहार में सोडियम के प्रभावों को संतुलित करने में मदद करता है और उच्च रक्तचाप के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। किशमिश खाना दिल के लिए स्वस्थ आहार का हिस्सा हो सकता है।

### ○ एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

किशमिश एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो हानिकारक मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से आपकी कोशिकाओं की रक्षा करने में मदद करती है। एंटीऑक्सीडेंट आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन कर सकते हैं और पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद कर सकते हैं। अपने आहार में किशमिश को शामिल करने से आपके शरीर को इन सुरक्षात्मक यौगिकों का बढ़ावा मिल सकता है।

# कपालभाति का असर, सेहत का सफर

कपालभाति योग एक विशेष श्वास व्यायाम है जिसे करना आसान है और बहुत फायदेमंद है। यह आपके शरीर को शुद्ध करने, मानसिक स्पष्टता बढ़ाने, पाचन में सुधार करने और ऊर्जा बढ़ाने में मदद करता है। नियमित रूप से कपालभाति का अभ्यास करने से आप अधिक तरोताजा और संतुलित महसूस कर सकते हैं। बस कुछ सरल चरणों में, आप इसके कई स्वास्थ्य लाभों का आनंद लेना शुरू कर सकते हैं।



## कपालभाति प्राणायाम के फायदे

### 1. शरीर को शुद्ध करता है

कपालभाति आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को साफ करने में मदद करता है। तेज़, जोरदार साँस छोड़ने से फेफड़ों और श्वसन प्रणाली से अपशिष्ट उत्पादों को निकालने में मदद मिलती है। यह विषहरण प्रक्रिया आपके शरीर को तरोताजा और पुनर्जीवित महसूस कराती है।

### 2. मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है

कपालभाति का अभ्यास करने से आपकी एकाग्रता और मानसिक स्पष्टता में सुधार हो सकता है। यह आपके मस्तिष्क में ऑक्सीजन के प्रवाह को बढ़ाता है, जो आपको अधिक स्पष्ट रूप से सोचने और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। यह तनाव और चिंता को भी कम करता है, जिससे आपका दिमाग अधिक आराम और शांत महसूस करता है।

### 3. पाचन में सुधार करता है

कपालभाति आपके पाचन अंगों को उत्तेजित करता है। व्यायाम के दौरान पेट के मजबूत संकुचन आपके पेट और आंतों की मालिश करने में मदद करते हैं, जो पाचन को बढ़ा सकते हैं। यह सूजन और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करने में भी मदद कर सकता है।

### 4. ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है

यह साँस लेने की तकनीक आपको तुरंत ऊर्जा बढ़ा सकती है। आपके शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाकर, कपालभाति आपको अधिक सतर्क और ऊर्जावान महसूस कराता है। यह पूरे दिन तरोताजा और सक्रिय महसूस करने का एक शानदार तरीका है।

### 5. वजन मैनेजमेंट में सहायक

कपालभाति वजन प्रबंधन में सहायक हो सकता है। इस व्यायाम में पेट के तीव्र संकुचन शामिल होते हैं, जो आपकी मुख्य मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं। इससे बेहतर चयापचय हो सकता है और स्वस्थ वजन बनाए रखने में आपके प्रयासों को सहायता मिल सकती है।

# स्वस्थ तन, खुशहाल मन- व्यायाम है सच्चा धन



व्यायाम सिर्फ़ फिट रहने के बारे में नहीं है - यह एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन जीने का रहस्य है। कल्पना करें कि आपके पास ज्यादा एनर्जी है, आप कम तनाव महसूस करते हैं और रात में बेहतर नींद भी लेते हैं। नियमित व्यायाम से यह सब आपके लिए हो सकता है! चाहे वह रोजाना टहलना हो या मजेदार कसरत, अपने शरीर को हिलाने से बहुत फायदे होते हैं। इस लेख में, हम यह पता लगाएंगे कि नियमित व्यायाम इतना जरूरी क्यों है और यह आपके जीवन को कैसे बदल सकता है।

### शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार

व्यायाम आपके शरीर को मजबूत और फिट रहने में मदद करता है। जब आप नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, तो आप अपनी मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों को मजबूत करते हैं। इससे दैनिक गतिविधियां करना आसान हो जाता है, चोट लगने का जोखिम कम हो जाता है और हृदय रोग, मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों को रोकने में मदद मिलती है। नियमित शारीरिक गतिविधि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बेहतर बनाती है, जिससे आपको बीमारियों से अधिक प्रभावी ढंग से लड़ने में मदद मिलती है।

### मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है

व्यायाम न केवल आपके शरीर के लिए अच्छा है; यह आपके दिमाग के लिए भी बहुत अच्छा है। शारीरिक गतिविधि एंडोर्फिन जारी करती है, जो मस्तिष्क में रसायन होते हैं जो आपको खुश महसूस कराते हैं और तनाव को कम करते हैं। नियमित व्यायाम चिंता और अवसाद को कम करने, आपके मूड को बेहतर बनाने और आपके आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह एक प्राकृतिक अवसादरोधी की तरह है, जो आपको अधिक सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करने में मदद करता है।

### वेट मैनेजमेंट में मदद करता है

यदि आप अपना वजन बनाए रखना या घटाना चाहते हैं, तो नियमित व्यायाम महत्वपूर्ण है। जब आप व्यायाम करते हैं, तो आप कैलोरी जलाते हैं, और जितनी अधिक आप जलाते हैं, उतना ही आपके लिए अपना वजन प्रबंधित करना आसान होता है। पैदल चलना, साइकिल चलाना या नृत्य जैसी सरल गतिविधियां भी आपको स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद कर सकती हैं। संतुलित आहार के साथ, व्यायाम आपके शरीर को आकार में रखने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है।

### ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है

यह आश्चर्यजनक लग सकता है, लेकिन व्यायाम वास्तव में आपको अधिक ऊर्जा देता है। जब आप नियमित शारीरिक गतिविधि में संलग्न होते हैं, तो आपका शरीर आपकी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाने में अधिक कुशल हो जाता है। यह आपके दिल और फेफड़ों को बेहतर ढंग से काम करने में मदद करता है, जिससे आपको अपना दिन पूरा करने के लिए अधिक ऊर्जा मिलती है। आप कम थका हुआ महसूस करेंगे और जो भी आपके सामने आएगा उसका सामना करने के लिए अधिक तैयार होंगे।

### बेहतर नींद को बढ़ावा देता है

अगर आपको सोने में परेशानी होती है, तो व्यायाम आपकी मदद कर सकता है। नियमित शारीरिक गतिविधि आपको जल्दी सोने और गहरी, अधिक आरामदायक नींद का आनंद लेने में मदद करती है। व्यायाम आपकी नींद के पैटर्न को विनियमित करने में भी मदद कर सकता है, जिससे तरोताजा महसूस करना और दिन के लिए तैयार होना आसान हो जाता है। बस यह सुनिश्चित करें कि सोने के समय के बहुत करीब व्यायाम न करें, क्योंकि इससे नींद आना मुश्किल हो सकता है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**वृष** – दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** – नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे।

**कर्क** – पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें।

**सिंह** – परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**कन्या** – कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**तुला** – किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजन हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** – कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु** – बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है।

**मकर** – बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कुंभ** – कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** – दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।


# मंगल का तत्वज्ञान

मंगल को ऊर्जा, साहस, महत्वाकांक्षा से जोड़ा जाता है और यह न्याय और धर्म के लिए संघर्ष की भावना को दर्शाता है। यह ग्रह युद्ध और लड़ाई की भावना को प्रकट करता है। मंगल को देवताओं की सेना का कमांडर-इन-चीफ माना जाता है । मंगल को शक्तिशाली और उग्र माना जाता है। वे युद्ध और आक्रामकता के देवता हैं और ताकत, अनुशासन, और जीवन शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। व्यक्ति पर मंगल के प्रभाव

**सकारात्मक प्रभाव:**

जब मंगल कुंडली में शुभ स्थिति में होता है, तो यह सफलता, नेतृत्व क्षमता, और बाधाओं को पार करने की शक्ति प्रदान करता है। मंगल की कुंडली में शुभ स्थिति शारीरिक ताकत, आत्म-विश्वास, और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है।मजबूत मंगल वाले व्यक्ति उन पेशेवर क्षेत्रों में उत्कृष्ट होते हैं जहां शारीरिक सहनशक्ति, धैर्य या साहस की आवश्यकता होती है, जैसे कि सेना, खेल, या उद्यमिता।

**नकारात्मक प्रभाव:**



अगर मंगल कमजोर या अशुभ स्थिति में होता है, तो यह आक्रामकता, जल्दबाजी, और संघर्ष का कारण बन सकता है। मंगल की कमजोर या अशुभ स्थिति से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, विशेष रूप से रक्त, सर्जरी, या दुर्घटनाओं से संबंधित।

प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### गलत सिग्नल के कारण आमने-सामने टकराए मालगाड़ी के इंजन

**रायबरेली।** सोमवार की देर रात एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना के संयंत्र क्षेत्र में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। परियोजना में तीन वैगन को यार्ड की ओर ले जा रहे इंजन को सामने से आ रहे दूसरे इंजन ने जोरदार टक्कर मार दिया। भिड़ंत के बाद दोनों इंजन पटरी से उतर गए। ट्रैक के साथ ही दोनों इंजन क्षतिग्रस्त हो गए। इंजनों को ट्रैक से हटाकर लाइनों को ठीक कराने का काम शुरू कर दिया गया है।

### शराब तस्करों ने की थी 2 RPF जवानों की हत्या

**बक्सर।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय-दानापुर रेलखंड पर दो आरपीएफ जवानों को ट्रेन से फेंककर हत्या करने के मामले में यूपी एसटीएफ और जीआरपी की मदद से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी प्रेमचंद कुमार को जब आरपीएफ जवानों के फेंके गए मोबाइल और पर्स को बरामद करने के लिए मौके पर ले जाया गया तो उसने एसआई की पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की। इस दौरान गाजीपुर पुलिस से मुठभेड़ में प्रेमचंद के पैर में गोली लग गई और पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हो गया है कि बीते दिनों दोनों आरपीएफ के दो जवानों की हत्या शराब तस्करों द्वारा ही की गयी थी। माना जा रहा है कि आरोपी शराब तस्करी की घटना को अंजाम दे रहे थे। जिसमें हस्तक्षेप करने के कारण दोनों आरपीएफ जवानों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

### मोतिहारी में इंटर के छात्र की चाकू गोदकर हत्या

मोतिहारी। एक इंटर के छात्र को चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। हत्या के बाद शव को बोरे में डालकर घर से 500 मीटर दूर खेत में फेंक दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक का प्रेम प्रसंग गांव की हीं एक महिला से चल रहा था। मृतक की पहचान निमोइया गांव निवासी रामजी साह का 18 वर्षीय पुत्र विकास उर्फ विक्की के रूप में हुई है। बता दें कि गांव में चर्चा है कि हत्या का कारण महिला से अवैध संबंध है। मंगलवार की सुबह लोग जब सड़क पर निकलें तो खून का निशान देखे। निशान को फॉलो करते हुए अंतिम छोड़ पर पहुंचे तो बोरे में बंद लाश मिली। घटना घोड़ासहन इलाके के ललुआ निमोइया गांव की बताई जा रही है। बता दें कि मंगलवार की 6 बजे सुबह में ग्रामीणों ने सड़क पर खून देखे। उस खून को फॉलो करते हुए आगे गए तो एक साइकिल थी, जिसपर एक बंद बोरा पड़ा हुआ था। बोरा से खून टपक रहा था।

# हेमंत सोरेन की सौगात

## 732906 महिलाओं को भेजे गए 1000-1000 रुपए

एजेंसी | दुमका

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका जिले के जामा के पांजनपहाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की 732906 महिला लाभुकों के बैंक खाते में 1000-1000 रुपए भेजे। संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में दुमका, देवघर, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ एवं जामताड़ा की 7 लाख 32 हजार 906 बहन-बेटियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से मंईयां सम्मान राशि हस्तांतरित की गयी।

### कोरोना काल में हवाई जहाज से मजदूरों को सुरक्षित वापस लाया




सीएम हेमंत सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपलोगों का उत्साह हमें लड़ने की शक्ति देता है। सरकार गठन के बाद कई चुनौतियां आयीं, लेकिन हमने उनका डटकर मुकाबला किया। सरकार बनने के बाद हमने वादा किया था कि हमारी सरकार रांची से नहीं बल्कि गांव से चलेगी। इसलिए अधिकारी गांव-गांव पहुंचे और गांव के अंदर जो समस्या थी, उन्हें सुलझाने का काम किया। जब हमने कुर्सी भी ठीक से नहीं संभाली थी कि कोरोना ने पूरे राज्य को जकड़ लिया था। दो साल उसी में फंसे रहे। झारखंड के मजदूर अलग-अलग राज्यों में फंस गए थे। पहली बार मजदूरों को हवाई जहाज, ट्रेन और बस से सुरक्षित वापस लाया गया।

### मंईयां सम्मान योजना से जुड़ीं 50 लाख महिलाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से 50 लाख महिलाएं पूरे राज्य में जुड़ चुकी हैं। गांव मजबूत होगा, तभी राज्य मजबूत होगा। आज किसानों के लिए हम कई तरह की योजनाएं चला रहे हैं। हमने कानून बनाया है कि पशु मर गया तो बीमा का लाभ मिलेगा।

### नौकरी को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में सबसे अधिक नौकरी होती लेकिन उन्होंने उसे भी बंद कर दिया। रेलवे में भर्ती होती थी, इन्होंने उसे भी बंद कर दिया। अब सारा बोझ राज्य सरकार पर छोड़ दिया। जब हमने कानून बनाया तो इनके कार्यकर्ताओं ने कोर्ट में चुनौती दी और उसे रद्द करवा दिया।

### केंद्र से मदद नहीं मिली तो लागू की अबुआ आवास योजना

विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पैसा देकर विज्ञापन छपवाया जाता है कि चार साल में मिला क्या? 4 साल में हमने पेंशन दिया। आज तक इन्होंने बुजुर्गों को पेशन क्यों नहीं दिया? टॉर्च जलाकर भी देखेंगे तो कोई बिना पेंशन का नहीं मिलेगा। जब केंद्र सरकार ने पैसे नहीं दिए तो हमने अबुआ आवास योजना लागू की। आने वाले 5 वर्षों में राज्य में ऐसा कोई गरीब नहीं रहेगा जिसके पास अपना पक्का घर नहीं होगा।

## जन सुराज में शामिल हुए देवेंद्र प्रसाद यादव



एजेंसी | पटना

जन सुराज अभियान में समाज के सभी वर्गों के लोग लगातार शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्रशांत किशोर की उपस्थिति में पटना के ज्ञान में आयोजित समाजवादी समागम कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और समाजवादी नेता देवेंद्र प्रसाद यादव जन सुराज से जुड़ गया। प्रशांत किशोर ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि देवेंद्र बाबू ईमानदार और सच्चे नेता हैं। देवेंद्र बाबू अपने साथियों के साथ जन सुराज के ध्वजवाहक के तौर पर इसे बनाने वाले लोगों में शामिल हो रहे है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम हर ईमानदार व्यक्ति और नेता को जन सुराज से जोड़ रहे है।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में 31 अगस्त तक स्कूल बंद

▶▶ डीएम ने जारी किया आदेश

एजेंसी | पटना

गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने के कारण पटना जिले के कई स्कूलों को बंद कर दिया गया है। गंगा नदी के तेज बहाव के कारण स्कूली बच्चों और शिक्षकों के जीवन और स्वास्थ्य को होने वाले खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इससे संबंधित आदेश पटना के जिलाधिकारी ने जारी कर दिया है।



### बाढ़ के खतरे को देखते हुए आदेश जारी

पटना डीएम ने जारी आदेश में कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन का मानना है कि छात्रों की सुरक्षा प्राथमिकता है और बाढ़ से उत्पन्न खतरे को देखते हुए स्कूलों को बंद करना जरूरी है। जिला प्रशासन ने इस आदेश की कॉपी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक को भेज दी है।

### 31 अगस्त तक बंद रहेंगे स्कूल

जारी आदेश के मुताबिक जिले के अथमलगोला, बाढ़, बख्तियारपुर, दानापुर, फतुहा, मनेर, मोकामा और पटना सदर प्रखंड के दियारा इलाके में स्थित कुल 76 स्कूल तत्काल प्रभाव से 31 अगस्त तक बंद रहेंगे।

## टोटो और बाइक में हुई टक्कर

### तीन युवक गंभीर रूप से घायल

एजेंसी | पबरहरवा पाकुड़

बरहरवा मुख्य पथ अंतर्गत हरिहरा व महाराजपुर के पास सोमवार की देर संध्या टोटो और बाइक में टक्कर हो गयी। इसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार, पाकुड़ जिले के नगरनवी के अशरफ शेख (25), अकरम हुसैन (27) बाइक से बरहरवा से घर पाकुड़ नगरनबी की ओर जा रहे थे। वहीं, गुमानी से बरहरवा आ रहे टोटो से सीधी टक्कर हो गयी। इसमें टोटो सवार सुनील साह (35) व दोनों बाइक सवार घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को इलाज के लिए श्रीकुंड बाजार ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। घटना के बाद टोटो चालक टोटो लेकर फरार हो गया। वहीं, घायल दोनों युवकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर अपनी बाइक को अपने साथ ले गये।

## दो मासूम बेटियों को लेकर कुएं में कूदी मां

### बच्चियों की डूबकर हुई मौत, मां बची

एजेंसी | सोनभद्र

सोनभद्र जिले के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के लीलवाही गांव में बड़ी घटना सामने आई है। दो मासूम बेटियों को साथ लेकर मां घर के पास कुएं में कूद गई। पानी के उछाल मारने पर मां तो बाहर आ गई, लेकिन दोनों बेटियां हाथ से छूटकर कुएं में डूब गईं। घटना सोमवार की देर रात की है। घर पहुंचने के बाद पति ने बेटियों के बारे में पूछताछ की तो महिला पहले टाल मटोल करती रही। काफी कोशिशों के बाद उसने घटना की जानकारी दी और खुद भी फांसी लगाने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों बच्चियों का शव बरामद कर लिया है। घटना के पीछे घरेलू विवाद को कारण बताया जा रहा है। लीलवाही निवासी अमरेश कोल मजदूरी करता है। उसका घर में पत्नी अरुणा से आए दिन विवाद होता था।

## बसपा कार्यकारिणी में फिर से पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनी गईं मायावती

एजेंसी | लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मंगलवार को हुई बैठक में मायावती को फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल पांच साल होगा। उनके नाम का प्रस्ताव पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया, जो सर्वसम्मति से मंजूर हो गया। वहीं, नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद का कद बढ़ाते हुए उन्हें महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में देश भर से आए

### आकाश आनंद का कद बढ़ा



पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों एवं बहुजनों को अपनी शक्ति पर भरोसा करना सीखना ही होगा वरना धोखा खाते रहेंगे और लाचारी व गुलामी का जीवन जीने को मजबूर बने रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहुमत से दूर भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार का रवैया सुधारवादी नहीं लगता है जिससे इसको स्थाई व मजबूत सरकार नहीं कहा जा सकता है। वहीं यूपी के राजनीतिक हालात का संज्ञान लेते हुए कहा कि लोकसभा का चुनाव परिणाम कई कारणों से नई संभावनाएं पैदा करता है।

### किसी की हितैषी नहीं कांग्रेस और भाजपा

मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा व इनके गठबंधन दलितों, आदिवासियों, ओबीसी, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के सच्चे हितैषी नहीं हैं। बहुजनों के प्रति इनकी सोच हमेशा ही संकीर्ण, जातिवादी, सांप्रदायिक, द्वेषपूर्ण व तिरस्कारी रही है। इनके शासनकाल में बहुजनों की हालत में सुधार अभी तक नहीं हो पाया है। समाज में गैर-बराबरी बढ़ रही है। केंद्र में भाजपा व कांग्रेस की जातिवादी एवं अहंकारी सरकार बनाने से रोकने में बहुजन समाज काफी हद तक पिछड़ गया। यूपी के राजनीतिक हालात का संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव परिणाम किसी पार्टी विशेष के पक्ष में एकतरफा नहीं होने के कारण भी नई संभावनाएं पैदा करता है। ऐसे में कैडर के आधार पर जनाधार को बढ़ाने का प्रयास करके आगे बेहतर परिणाम हासिल करने की अपनी कोशिश जारी रखनी है। इसमें कोई कोताही व स्वार्थ आड़े नहीं आना चाहिए जिसकी पार्टी लगातार समीक्षा करेगी। पार्टी हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली विधानसभा का चुनाव मजबूती से लड़ेगी।




# सपाट स्तर पर बंद हुआ बाजार

एजेंसी | नई दिल्ली

सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। आज के कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार लुढ़क कर लाल निशान पर पहुंच गया लेकिन खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर शेयर बाजार की चाल तेज हुई। निफ्टी आज अपने ऑल टाइम हाई लेवल के काफी करीब पहुंचने के बाद गिरावट का शिकार हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुए।

### निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी



छोटे और मझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 463.11 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 82 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

▶▶ निवेशकों ने कमाए 82 हजार करोड़ रुपये

▶▶ फ्लैट कारोबार के बावजूद घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए

### टॉप 5 गेनर्स और टॉप 5 लूजर्स

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.38 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 2.13 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.07 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.95 प्रतिशत और एचडीएफसी लाइफ 1.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टाइटन कंपनी 2.17 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.02 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.92 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 1.39 प्रतिशत और ग्रासिम इंडस्ट्रीज 1.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स के सूची में शामिल हुए।

### बीएसई में 4,051 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,051 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,151 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,808 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 92 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,367 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,292 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,075 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

### टेलीकॉम, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में खरीदारी

दिन भर के कारोबार के दौरान टेलीकॉम, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह केमिकल, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर एनर्जी, एफएमसीजी, मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

## कारों की बिक्री में गिरावट ने बढ़ाई डीलरों की चिंता

एजेंसी | नई दिल्ली

कारों बिक्री में गिरावट के बीच ऑटोमोबाइल कंपनियों और डीलरों के सामने नया सकंट खड़ा हो गया है। एजेंसियों (डीलरों) के पास कारों का स्टॉक बढ़ रहा है और कंपनियां लगातार उत्पादन क्षमता बढ़ाती जा रही हैं। आम आदमी के नजरिए से देखा जाए तो उससे काफी कारों पर वेटिंग पीरियड ( इंतजार अवधि) कम हो गया है और भविष्य में कारों की कीमतों में गिरावट की भी संभावना है, लेकिन आर्थिक नजरिए से देखा जाए तो यह बड़े संकट का संकेत भी है, जिससे निपटने के लिए कई कंपनियां अपने कुछ मॉडल की तय कीमतों में कटौती पर भी विचार कर रही हैं। उधर, पुरानी कारों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। मौजूदा समय में 15 हजार डीलर और उनके 30 हजार आउटलेट से जुड़े गोदामों में करीब सात से सवा सात लाख कारें स्टॉक में हैं। अगर इन कारों की औसत कीमत 10 लाख रुपये मान ली जाए तो भी 70 से 75 हजार करोड़ रुपये की कारें स्टॉक में खड़ी है। ऊपर से ऑटोमोबाइल कंपनियों की तरफ से हर रोज डीलरों को नई कारें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मारुति, हुंडई से लेकर तमाम कंपनियां कारों की खरीद पर छूट व अन्य तरह के ऑफर दे रही हैं। कारों पर 60 हजार से लेकर ढाई लाख तक की छूट दी जा रही है जो मॉडल और कार के हिसाब से अलग-अलग है। डीलर भी अपना कमीशन कम करके गाड़ियों को निकालने की कोशिश में हैं लेकिन उसके बाद भी पर्याप्त संख्या में ग्राहक नहीं है।

# जी-सोनी का मर्जर टर्मिनेशन विवाद सुलझा

▶▶दोनों कंपनियों के बीच एग्रीमेंट हुआ

▶▶इस खबर से जी एंटरटेनमेंट का शेयर 15% चढ़ा

एजेंसी | मुंबई

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का शेयर मंगलवार को बाजार में कारोबार के दौरान 15% चढ़ा। हालांकि, बाद में कंपनी का शेयर 11.61% की तेजी के साथ 150 रुपए पर बंद हुआ। सोनी के साथ मर्जर टर्मिनेशन डिस्प्यूट सुलझने से जी एंटरटेनमेंट के शेयर में यह तेजी देखने को मिली है। कंपनी का शेयर बीते 1 महीने में 5% चढ़ा और पिछले 6 महीने में 12.80% गिरा है। वहीं एक साल में जी के शेयर में 42.61% की गिरावट रही है। कंपनी का मार्केट कैप 14.49 हजार करोड़ रुपए है। जी ने कहा कि उसने मर्जर के टर्मिनेशन को लेकर सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ सभी विवादों को निपटाने के लिए एक समझौता किया है।

### दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे के खिलाफ सभी दावों को वापस लिया




मीडिया फर्म ने स्टेटमेंट में कहा, 'एग्रीमेंट में जी और सोनी ने सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (SIAC) में चल रही मध्यस्थता और नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) और अन्य मंचों में शुरू की गई सभी संबंधित कानूनी कार्यवाहियों में एक-दूसरे के खिलाफ सभी संबंधित दावों को वापस लेने पर सहमति व्यक्त की है।' दोनों कंपनियों ने कहा कि समझौते की शर्तों के तहत किसी भी पक्ष पर दूसरे के प्रति कोई बकाया या जारी दायित्व या देनदारी नहीं होगी। मर्जर कॉर्पोरेशन एग्रीमेंट से संबंधित सभी विवादों को सुलझाते हुए एक नॉन-कैश सेटलमेंट पर पहुंच गए हैं। दोनों कंपनियों के बयान के अनुसार, 'यह समझौता कंपनियों के बीच आपसी समझ से हुआ है, ताकि वे स्वतंत्र रूप से नए उद्देश्य के साथ भविष्य के विकास के अवसरों पर काम कर सकें।

अजब-गजब: सिर्फ आठ कर्मचारी और बाइक बिक्री-सर्विस के दो शोरूम, फिर भी आईपीओ 418 गुना सब्सक्राइब

## आईपीओ में मांगे 12 करोड़, लोगों ने दिए 4800 करोड़

एजेंसी | नई दिल्ली

आईपीओ में पैसा लगाने और मोटा कमाने की अंधी-दौड़ का नजारा देखने को मिला है। दिल्ली की एक मोटरसाइकिल कंपनी रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल के दो शोरूम हैं और कुल आठ कर्मचारी हैं। इस कंपनी ने पैसा जुटाने के प्रयास में एसएमई आईपीओ के तहत 12 करोड़ जुटाने के लिए करीब 11.76 लाख शेयर बेचने का प्रस्ताव रखा था। तीन दिन में इस कंपनी को 418 गुना अधिक अभिदान मिला यानी निवेशकों ने 40 करोड़ शेयरों की मांग कर डाली और 4800 करोड़ रुपये का ऑफर कर डाला। कुल मिलाकर गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 315.61 गुना जबकि खुदरा निवेशकों की श्रेणी में 496.22 गुना अभिदान मिला।

### निवेशकों का माथा घूमा




इस आईपीओ को मिली बोलियों से निवेशक हैरान हैं और दलाल स्ट्रीट के बड़े-बड़े दिग्गजों का माथा भी घूम गया है। कुछ जानकार इसे पागलपन बता रहे हैं। उनका कहना है कि इस कंपनी की वैल्यू के बारे में कोई क्यों नहीं सोच रहा। कैपिटलमाइंड फाइनेंशियल सर्विसेज के संस्थापक और सीईओ दीपक शेनॉय ने इससे जुड़ी हैरानी को खारिज करते हुए इसके लिए बाजार के मौजूदा माहौल को जिम्मेदार ठहराया है। उनके मुताबिक इस आईपीओ को लेकर इस उत्साह में पिछले कई आईपीओ में पीछे छूट जाने का मलाल भी शामिल है। वर्ष 2018 में बनी रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल साहनी ऑटोमोबाइल के तहत यामाहा की बाइक्स बेचती है। इसके दो शोरूम हैं- एक नई दिल्ली के द्वारका में द ब्लूस्क्वॉयर शोरूम और दूसरा नई दिल्ली के पालम रोड पर। इन शेयरों के जरिए जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल दिल्ली-एनसीआर में नए शोरूम खोलने, कर्ज चुकाने, कार्यपूंजी की बढ़ी हुई जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में होगा।

## यूएस ओपन : साल के चौथे ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन सभी प्रमुख वरीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की

# नोवाक और कोको का शानदार आगाज सबालेंका और ज्वेरेव भी दूसरे दौर में

- 89वां मैच टूर्नामेंट में जीत नोवाक ने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की
- 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में कोर्ट पर उतरें हैं नोवाक जोकोविच

एजेंसी | न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और कोको गफ ने यूएस ओपन में अपने खिताबी बचाव अभियान का शानदार तरीके से आगाज किया। दोनों ने सोमवार रात खेले गए पहले दौर के मुकाबले में लगातार सेट में जीत दर्ज की। इनके अलावा महिला वर्ग में दूसरी वरीय बेलारूस की आर्यना सबालेंका और पुरुष वर्ग में चौथे वरीय जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अगले दौर में पहुंच गए।

### करियर का आखिरी मैच हारे थिएम

*अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने 2020 के चैंपियन 30 साल के ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। 30 साल के थिएम का यह यूएस ओपन में आखिरी मैच था क्योंकि वह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस सत्र के बाद वह संन्यास ले लेंगे। उन्होंने अपने 13 साल के प्रोफेशनल करियर में एक ग्रैंड स्लैम (2020, यूएसओपन) सहित कुल 17 एकल खिताब जीते।*



*लगातार सेट में जीते:* साल के चौथे ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन दूसरी वरीयता प्राप्त सर्बिया के जोकोविच ने मोल्दोवा के क्वालीफायर राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। उन्होंने यूएस ओपन में 89वां मैच जीत कर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की कवायद में हैं। जोकोविच का अगला मुकाबला उनके हमवतन लास्लो जेरे से होगा जिन्होंने स्पेन के जॉन लेनार्ड स्ट्रफ को मैराथन मुकाबले में पराजित किया। तीन घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में जेरे ने 6-7, 6-1, 6-7, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। एक साल पहले जोकोविच यूएस ओपन के तीसरे दौर में जेरे से पहले दो सेट हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करके पांच सेट में यह मुकाबला जीता था।

## कोरिया ओपन

### रुतुपर्णा-श्वेतपर्णा की जोड़ी पहले दौर में बाहर



एजेंसी | सोल

रुतुपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी मंगलवार को कोरिया ओपन बैडमिंटन के पहले दौर में हार के साथ बाहर हो गई। पांडा बहनों को सीह पेई शेन और हुग इन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी से 18-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीन भारतीय आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालिहा चुनौती पेश कर रही हैं। पुरुष एकल और युगल में कोई भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश नहीं कर रहा। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन के रूप में एकमात्र भारतीय जोड़ी हिस्सा ले रही है। यह जोड़ी पहले दौर में सुंग ह्युन को और ह्ये वो इयोम की स्थानीय जोड़ी से भिड़ेगी।

# भारतीय महिलाओं के निशाने पर टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी

- हरमनप्रीत की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम घोषित
- 3 अक्तूबर से यूएई में शुरू होगा आईसीसी का यह टूर्नामेंट



**टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा सोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन।

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम का लक्ष्य पहली बार टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी जीतने का होगा। इसके लिए स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम घोषित की गई है। टूर्नामेंट तीन से 20 अक्तूबर से संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। चयन समिति ने अपने आजमाए गए खिलाड़ियों पर ही भरोसा दिखाया है। उमा छेत्री को छोड़कर जुलाई में एशिया कप के असफल अभियान में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों को रखा गया है।

### श्रेयंका-भाटिया को भी जगह

*शीर्ष क्रम की बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को भी टीम में जगह दी गई है लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा। श्रेयंका एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गई थी। भाटिया घुटने की चोट से उबर रही हैं।*

### चार को शुरू करेगा अभियान

एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका से हारने के बाद हरमनप्रीत पर दबाव होगा। भारतीय टीम का लक्ष्य हालांकि पुरुष टीम की उपलब्धि को दोहराना होगा जिसने हाल में टी-20 विश्व कप को जीता था। हरमनप्रीत ने पहली बार 2018 में टी-20 विश्व कप में भारत का नेतृत्व किया था। तब से भारतीय टीम एक बार फाइनल में पहुंची है लेकिन अधिकतर अवसरों पर वह मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही। भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती ऑस्ट्रेलिया है। इन दोनों टीम को पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। भारत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## मुंबई के मैदानों से

### तारिणी सुरी को दोहरी सफलता

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई की तारिणी सुरी ने हैदराबाद गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में संपन्न हुई कोटक इंडिया जूनियर अंडर-19 अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में दोहरी सफलता दर्ज की। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के बैडमिंटन कोर्ट में प्रशिक्षण लेने वाली तारिणी सुरी ने पहले श्रावणी वालेकर के साथ मिलकर कायला पुत्री और मिचा वार्डोयो इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-10, 21-15 से पराजित करके लड़कियों की युगल प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। बाद में तारिणी सुरी और भव्य छाबड़ा की जोड़ी ने थाईलैंड अत्तावुत श्रीपी और पन्नावी पोलियाम की जोड़ी को मिश्रित युगल के फाइनल में 21-13, 19-21, 21-14 से मात दी और खिताब पर कब्जा कर लिया।

### पहले स्थान पर चंदन और रवीना

दोपहर संवाददाता | मुंबई

भदोही, उत्तर प्रदेश के चंदन यादव और नाशिक, महाराष्ट्र की रवीना गायकवाड़ ने बीकेसी पर संपन्न हुए आठवें एजस फेडरल लॉईफ इंश्योरन्स मुंबई हॉफ में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों में 21 वर्षीय चंदन ने 1:11.01 समय के साथ पहला, नितिश कुमार 1:11.54 समय के साथ दूसरा तथा पियुष मसाने ने 1:13.20 समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इन तीनों के बीच कड़ा संघर्ष हुआ, लेकिन मात्र आधे किमी के दौरान चंदन की गति में तेजी आई और उन्होंने बाजी मार ली। महिलाओं के वर्ग में पहला स्थान प्राप्त करने वाली रवीना का 1:27.43 समय रहा, जबकि सेनाईत लेसार्गे 1:29.41 के साथ दूसरे और रुक्मणी भौरे 1:31.23 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पुरस्कार प्रदान किए।




### तारिणी को अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में दोहरा खिताब

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई की तारिणी सूरी ने हैदराबाद में जूनियर अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में लड़कियों का युगल और मिश्रित युगल खिताब जीत लिया है। हैदराबाद की गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में हुए टूर्नामेंट में 17 साल की तारिणी ने श्रावणी वालेकर के साथ लड़कियों के युगल फाइनल में केयला पुत्री और मिशा वारडोयो की इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-10, 21-15 से हराया। इसके बाद तारिणी और भव्य छाबड़ा ने मिश्रित युगल के फाइनल में उलटफेर कर अतावुत श्रीपीव और पनावी पोलयिआम की शीर्ष वरीय थाईलैंड की जोड़ी को 21-13, 19-21, 21-14 से हराकर खिताब जीता। इस प्रदर्शन के दम पर तारिणी, श्रावणी और भव्य का चयन 30 सितंबर से चीन के नानचैंग में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम में हो गया है।

### दूसरा टेस्ट: वुड की जगह ओली स्टोन इंग्लैंड टीम में

एजेंसी | लंदन




इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए चोटिल मार्क वुड की जगह तेज गेंदबाज ओली स्टोन को टीम में जगह दी है। जून 2021 के बाद यह स्टोन का पहला टेस्ट होगा। इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था।

### सेमवाल और निरुपमा ने स्क्वॉश खिताब जीते

दोपहर संवाददाता | मुंबई

ओम सेमवाल और निरुपमा दुबे ने सोमवार को यहां गरवारे क्लब हाउस अखिल भारतीय एसआरएफआई स्क्वॉश चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला ओपन के खिताब जीत लिए। मुंबई के सेमवाल ने पुरुष वर्ग के फाइनल में अपने श्रीलंकाई प्रतिद्वंद्वी और दूसरी वरीयता प्राप्त शमिल वकील को 11-4, 4-11, 6-11, 13-11, 11-4 से हराकर शरद पवार ट्रॉफी जीती। महिलाओं के फाइनल में निरुपमा ने हमवतन तनिष्का जैन पर 11-6, 12-10, 3-11, 11-9 से जीत दर्ज की।


# 'गेम चेंजर' की रिलीज टली



*अभिनेता राम चरण पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर चर्चा में हैं। एस शंकर के निर्देशन में बनी रही इस फिल्म में राम चरण की जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है। यह फिल्म 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन खबर है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज को अगले साल तक के लिए टाल दिया है। अब फिल्म के निर्माता दिल राजू ने इन खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### पूरी हो चुकी है 'गेम चेंजर' की शूटिंग

कहा जा रहा है कि फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए अब दर्शकों को लंबा इंतजार करना होगा। यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में रिलीज होगी, क्योंकि राम चरण कुछ हिस्सों को फिर से शूट कर रहे हैं, जिससे पोस्ट-प्रोडक्शन में देरी हो रही है। हालांकि, इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। राजू ने कहा, 'शूटिंग पूरी हो चुकी है और हम इस साल क्रिसमस के दौरान फिल्म रिलीज कर रहे हैं।' निर्माताओं को उम्मीद है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा देगी। 'गेम चेंजर' एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें राम चरण और कियारा के अलावा अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। विनय विद्या राम' के बाद यह कियारा और राम चरण के बीच दूसरा सहयोग है।



# रजनीकांत की 'कुली' में नजर आएंगे आमिर खान

*'जेलर' और 'लाल सलाम' की सफलता के बाद 'साउथ के भगवान' कहे जाने वाले रजनीकांत अब फिल्म 'कुली' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में उनके साथ कमल हासन की बेटी और अभिनेत्री श्रुति हासन भी अहम किरदार में दिखेंगी। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं, जिससे प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। खबर है कि बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान फिल्म 'कुली' में नजर आएंगे।*



### आमिर और निर्माताओं के बीच बातचीत जारी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत की 'कुली' में आमिर मेहमान की भूमिका में दिखाई देंगे। निर्माताओं और आमिर के बीच बातचीत लगातार जारी है।

कहा जा रहा है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने फिल्म के लिए हामी भर दी है। हालांकि, निर्माताओं ने इन खबरों पर चुप्पी साध रखी है। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि शाहरुख खान या रणवीर सिंह 'कुली' में एक विशेष भूमिका निभाएंगे, लेकिन वो महज अफवाह साबित हुई।

### अगले साल रिलीज होगी रजनीकांत की यह फिल्म

इस फिल्म के निर्देशन की कमान लोकेश कनगराज ने संभाली है। यह लोकेश और रजनीकांत के बीच पहला सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कलानिधि मारन इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म की कहानी लोकेश, चंद्रू अन्बझगन के साथ मिलकर लिख रहे हैं।

रजनीकांत के अलावा इस फिल्म सत्यराज, उपेन्द्र, महेंद्र और रचिता राम जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी, फिलहाल तारीख सामने नहीं आई है।

# 'तनु वेड्स मनु' का आएगा तीसरा भाग

*कंगना रनौत और आर माधवन की फिल्म 'तनु वेड्स मनु' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई। इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 56 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। 'तनु वेड्स मनु' की सफलता के बाद 4 साल बाद फिल्म का सीक्वल 'तनु वेड्स मनु रिर्टन' आया था। अब फिल्म के निर्देशन आनंद ने 'तनु वेड्स मनु' के तीसरे भाग पर मुहर लगा दी है।*

### अगले साल शुरू हो जाएगी फिल्म की शूटिंग

*आनंद ने कहा, 'हम 'तनु वेड्स मनु 3' की कहानी पर काम कर रहे हैं। किरदारों को एक बड़ी कहानी के साथ वापस लाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। मैं इस पर काम कर रहा हूं और जिस दिन इस फिल्म की कहानी तैयार हो जाएगी तो मैं फिल्म की शूटिंग शुरू कर दूंगा।' रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'तनु वेड्स मनु 3' की शूटिंग 2025 के मध्य तक शुरू हो सकती है।*



### इस फिल्म में भी नजर आएंगी माधवन और कंगना की जोड़ी

कंगना और माधवन लगभग 8 साल बाद एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म के लिए साथ आए हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान एएल विजय ने संभाली है, जो पहले फिल्म 'थलाइवी' में कंगना के साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में दूसरी बार निर्देशक के साथ काम करने के लिए कंगना काफी उत्सुक हैं। 'तनु वेड्स मनु' और 'तनु वेड्स मनु रिर्टन' के बाद यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म कंगना और माधवन के बीच तीसरा सहयोग है।

# 'रहना है तेरे दिल में' सिनेमाघरों में फिर होगी रिलीज



गौतम वासुदेव मेनन के निर्देशन में बनी फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। आर माधवन, सैफ अली खान और दीया मिर्जा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म 19 अक्टूबर, 2001 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 6 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10.17 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 23 साल बाद 'रहना है तेरे दिल में' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। लगभग 23 साल बाद फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म को आप आगामी 30 अगस्त से 5 सितंबर तक सिनेमाघरों में देख सकते हैं। PVR सिनेमा ने इस खबर की जानकारी देते हुए लिखा, '23 साल बाद प्यार फिर से बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है। 23 साल बाद, प्यार फिर से बड़े पर्दे पर वापस आ गया है। क्या आप उत्साहित हैं?'

# अंजिनी धवन की 'बिन्नी एंड फैमिली' की रिलीज टली

*सिद्धार्थ धवन की बेटी और वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन महज 20 की उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। वह पिछले कुछ दिनों से अपनी पहली फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान संजय त्रिपाठी ने संभाली है। यह फिल्म आगामी 30 अगस्त को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इस फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है।*

### जल्द रिलीज होगा ट्रेलर

एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' अब 20 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। निर्माताओं ने यह फैसला मिलकर लिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का ट्रेलर सितबंर की शुरुआत में रिलीज हो सकता है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। 'बिन्नी एंड फैमिली' में पंकज कपूर और राजेश कुमार जैसे दिग्गज सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



न्यूज़ ब्रीफ

## जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 566 पदों के लिए सात सितंबर से परीक्षा होगी

**नई दिल्ली।** जिला व सत्र न्यायालय और फैमिली कोर्ट में जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 566 पदों पर भर्ती के लिए सात सितंबर से स्किल टेस्ट प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्रों का नाम तय कर लिया गया है। इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी और नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में इस प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने स्किल टेस्ट के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। डीएसएसएसबी की ओर से यह प्रक्रिया सात सितंबर को शुरू होगी और 28 सितंबर तक चलेगी। इस अवधि में सात अलग-अलग दिन तीन पालियों में अभ्यर्थियों को बुलाकर स्किल टेस्ट कराया जाएगा। सात और आठ सितंबर को टेस्ट के बाद 14 व 15 सितंबर को और फिर 21, 22 व 28 सितंबर को स्किल टेस्ट कराया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी पर डॉक्यूमेंट्री मामले में सुनवाई 18 दिसंबर तक टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को बीबीसी डॉक्यूमेंट्री 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन से जुड़े मामले की सुनवाई 18 दिसंबर 2024 तक के लिए स्थगित कर दी। प्रतिवादी को नए सिरे से समन जारी किया जाएगा। रोहिणी कोर्ट की अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) रुचिका सिंगला ने याचिकाकर्ता को प्रक्रिया फीस दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए मामले को 18 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया। यह मामला डॉक्यूमेंट्री 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन पर लगे बैन से जुड़ा है। अदालत ने 29 अप्रैल को ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) को उसके इंग्लैंड के पते पर एक नया समन जारी किया था। पहले जारी किए समन की तामील नहीं हुई थी। 29 अप्रैल को अदालत ने कहा था कि प्रतिवादी नंबर 1 को जारी किए गए समन वापस नहीं मिले हैं। सात दिनों के भीतर प्रोसेसिंग शुल्क (पीएफ) दाखिल करने पर इसे इंग्लैंड के पते पर नए सिरे से जारी किया जाएगा।

## आंध्र प्रदेश में मरीज का ट्रेनी महिला डॉक्टर पर हमला

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश में तिरुपति जिले के एक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला डॉक्टर पर मरीज ने हमला कर दिया। हमले की ये घटना अस्पताल के वार्ड में लगे CCTV कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना 24 अगस्त की रात श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (SVIMS) की है। CCTV फुटेज में हमलावर पहले ट्रेनी डॉक्टर के बालों को पकड़ता और फिर बेड के स्टील फ्रेम पर पटकता दिख रहा है। यह देख वार्ड में मौजूद अन्य डॉक्टर हमलावर को पकड़कर ट्रेनी डॉक्टर को बचाते हैं। घटना के खिलाफ SVIMS मेडिकल कॉलेज के अन्य डॉक्टर विरोध-प्रदर्शन किया।

## टेरर फंडिंग : शब्बीर शाह की रिहाई के आदेश

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को टेरर फंडिंग से जुड़े धन शोधन मामले में रिहा करने का आदेश दिया है। हालांकि, शाह अपने खिलाफ दर्ज दो अन्य मामलों में जेल में ही रहेंगे।

# बीआरएस नेता के. कविता को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**शराब नीति केस** | सरेंडर करना पड़ेगा पासपोर्ट, डॉक्टर रेप-मर्डर केस की जांच कर रही **CBI** की जांच के घेरे में कई सवाल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को दिल्ली शराब नीति अनियमितता मामले में मंगलवार को जमानत दी। इसी के साथ शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने के. कविता को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का निर्देश दिया है और सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में तुरंत जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।



### इन सवालों को लेकर जांच कर रही CBI

डॉक्टर रेप-मर्डर केस की जांच कर रही CBI की जांच के घेरे में कई सवाल हैं। CBI इस बात की जांच कर रही है कि इस अपराध को बिना किसी बाधा के सेमिनार हॉल में अंजाम दिया गया। उस हॉल के दरवाजे का टॉवर बोल्ट टूटा हुआ मिला। शुरुआती जांच में पता चला है

### सुप्रीम कोर्ट के जमानत के फैसले की अहम बातें

मंगलवार को जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि के. कविता 5 महीने से जेल में हैं। इस केस की सुनवाई में लंबा वक्त लग सकता है, क्योंकि इसमें 493 गवाह और कई दस्तावेज शामिल हैं। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि शराब नीति मामले में सह-आरोपी के बयान पर निर्भरता बनी हुई है, जिसे माफी दी जा चुकी है और उसे सरकारी गवाह बनाया गया है।

### अवैध रूप से कैद में रखा : BRS

जमानत के आदेश के तुरंत बाद बीआरएस ने x पोस्ट किया- ₹उन्हें (के. कविता) बिना कोई सबूत दिखाए 166 दिनों तक अवैध रूप से कैद में रखा गया। राजनीति से प्रेरित मामले में अंततः न्याय की जीत हुई।₹

### केटी रामाराव और अन्य नेता सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

अपनी बहन कविता से जुड़ी अहम सुनवाई के लिए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव और पार्टी के अन्य नेता भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

### मार्च में हैदराबाद से हुई थी के. कविता की गिरफ्तारी

बता दें कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मार्च में हैदराबाद से के. कविता को गिरफ्तार किया था। इसके बाद जांच एजेंसी उन्हें दिल्ली ले आई थी। उनसे लंबी पूछताछ हुई। उनकी जमानत याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने ठुकरा दिया था। अब उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी है। जांच एजेंसी ने के. कविता पर अनुचित तरीके से 100 करोड़ रुपए का फायदा लेने आरोप लगाया है।

## गोवा इकाई के आप नेता ने हाईकोर्ट का किया रुख

**एजेंसी | पणजी**

आम आदमी पार्टी (आप) की गोवा इकाई के प्रमुख अमित पालेकर ने बनस्तरिम सड़क हादसा मामले में स्थानीय अदालत द्वारा जमानत रद्द करने के आदेश को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। मामले में पालेकर की सशर्त जमानत सोमवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अपूर्वा नागवेकर ने रद्द कर दी थी।





### जिला अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग

पालेकर ने मंगलवार को अपने वकील नितिन सरदेसाई के माध्यम से जिला अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया। उच्च न्यायालय ने अर्जी पर सुनवाई बुधवार के लिए सुरक्षित रख ली। बता दें कि 6 अगस्त, 2023 को बनस्तरिम पुल पर एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने कई वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। उस समय, अपराध शाखा ने पालेकर को सबूतों से छेड़छाड़ करने और आरोपी परेश सावरदेकर को बचाने के लिए एक फर्जी चालक पेश करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## हैदराबाद में भूलक्ष्मी मंदिर में तोड़ी मूर्ति

**घटना के विरोध में नारेबाजी, पुलिस ने दो को दबोचा**

**एजेंसी | हैदराबाद**

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद स्थित भूलक्ष्मी मंदिर में कुछ अज्ञात लोगों ने हमला बोल दिया और मूर्ति को खंडित कर दिया। घटना सोमवार की रात की है। पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। घटना संतोष नगर थाना क्षेत्र की है। उधर, घटना के विरोध में भारी भीड़ मंदिर में जुटी। लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की। मामले की सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा। स्थानीय पार्षद पर आरोप लगे हैं।



### डीसीपी बोले- जांच अभी जारी है

साउथ ईस्ट डीसीपी कांति लाल पाटिल ने कहा कि घटना सोमवार की रात 11:30 से 12 बजे के बीच की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। इनमें से एक व्यक्ति मुख्य रूप से जिम्मेदार है। प्रारंभिक जांच में दो लोगों के नाम सामने आए हैं। जांच अभी जारी है। डीसीपी ने कहा कि घटना में शामिल सभी लोगों को पकड़ा जाएगा। फिलहाल हमले के पीछे राजनीतिक मकसद का कोई सबूत नहीं मिला है।

### भाजपा नेता का आरोप- पांच बार हुआ हमला

भाजपा भाग्य नगर जिला अध्यक्ष समरेड्डी सुरेन्द्र रेड्डी ने बताया कि यह घटना चंद्रयानगुट्टा विधानसभा क्षेत्र के रक्षापुरम कॉलोनी में स्थित भूलक्ष्मी मंदिर की है। मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया गया है। स्थानीय पार्षद और उनके लोगों ने यह कृत्य किया है। यह पहली बार नहीं हुआ है। पिछले पांच सालों से ऐसा हो रहा है। इस मंदिर पर पांच बार हमला हो चुका है।

## पीएम मोदी ने पुतिन से फोन पर की बात

**यूक्रेन युद्ध को लेकर हुई बातचीत**

**एजेंसी | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने अपने यूक्रेन दौरे के अनुभव को राष्ट्रपति पुतिन के साथ शेयर किया। इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बातचीत हुई। हाल ही में प्रधानमंत्री ने यूक्रेन की यात्रा की थी। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की और यूक्रेन को हरसंभव मदद पहुंचाने की बात कही है। पीएम मोदी ने अलग-अलग मंचों से इस बात को दोहराया है कि संघर्ष का समाधान बातचीत के जरिए ही निकाला जा सकता है।

### शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी करे भारत : जेलेंस्की

बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दूसरे यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत के नाम का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने पीएम मोदी के समक्ष भी यह प्रस्ताव रखा था। जेलेंस्की चाहते हैं कि शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत करे। जेलेंस्की का यह बयान कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रथम यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन जून में स्विट्जरलैंड में आयोजित किया गया था, जिसमें 90 से अधिक देशों ने भाग लिया था।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस | प्रोटेस्ट मार्च में स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज

**कई हुए जख्मी, पुलिस बोली- रैली गैरकानूनी, छात्रों पर कार्रवाई के खिलाफ भाजपा का बंगाल बंद**

**एजेंसी | कोलकाता**

आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी के मामले में मंगलवार को छात्रों के 'नबन्ना अभियान के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कई स्थानों पर तीखी झड़पें हुईं। राज्य सचिवालय 'नबन्ना की ओर मार्च की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारों तथा आंसू गैस का इस्तेमाल किया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों पर पत्थर और ईंटें फेंकी और रास्ते में लगाए अवरोधकों को गिराने का प्रयास किया। हावड़ा मैदान इलाके में जीटी रोड पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। उन्होंने खुद को हावड़ा पुलिस आयुक्तालय के चंडीतला थाने का प्रभारी बताया। हेस्टिंग्स और एमजी रोड इलाके में भी ऐसी ही हालात देखने को मिले। वहां प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस इन लोगों को खदेड़ते दिखी।



### कई अधिकारी घायल

पुलिस ने हावड़ा ब्रिज के कोलकाता छोर पर और कोना एक्सप्रेसवे पर संतरागाछी रेलवे स्टेशन के पास प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंटें फेंकी, जिसमें कई अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि कुछ जगहों पर आंदोलनकारियों ने अवरोधकों को पार करने का प्रयास किया और सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया। जवाब में पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले छोड़े।

### छात्र-कर्मचारी संगठन के मार्च से समस्या बढ़ी

इस नबन्ना अभियान में मुख्य रूप से युवा शामिल थे। वे आरजी अस्पताल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। समस्या तब और बढ़ गई जब छात्र संगठन 'पश्चिम बंग छात्र समाज और राज्य सरकार के असंतुष्ट कर्मचारियों के संगठन 'संग्रामी जौथा मंच ने कोलकाता के अलग-अलग स्थानों से अपना मार्च शुरू किया।

### कई छात्र भी घायल

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस की कार्रवाई में कई छात्र भी घायल हुए हैं। एक महिला प्रदर्शनकारी ने कहा, हमें पुलिस ने क्यों पीटा? हमने कोई कानून नहीं तोड़ा। हम मृतक डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करने के लिए शांतिपूर्ण रैली कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।

### भाजपा ने बंगाल में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया

भाजपा ने राज्य सचिवालय नबन्ना तक मार्च में भाग लेने वालों पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में 28 अगस्त को पश्चिम बंगाल में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि हमें आम हड़ताल का आह्वान करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह निरंकुश शासन लोगों की आवाज को अनसुना कर रहा है, जो मृत डॉक्टर बहन के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर चुनाव

## भाजपा की तीसरी लिस्ट में 29 नाम

- कल जो लिस्ट वापस ली, उसके 28 प्रत्याशी रिपीट
- वैष्णो देवी सीट से कैंडिडेट बदला

**एजेंसी | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने मंगलवार को 29 कैंडिडेट्स की तीसरी लिस्ट जारी की है। इसमें सेकेंड फेज के 10 और थर्ड फेज के 19 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने 26 अगस्त को 5 घंटे में 3 लिस्ट जारी की थीं। सुबह 10 बजे जारी लिस्ट में 44 नाम थे, विरोध हुआ तो लिस्ट वापस ले ली। इसके दो घंटे बाद 15 नाम की नई लिस्ट जारी की। तीन घंटे बाद सिंगल नाम की एक और सूची आई। जारी तीसरी लिस्ट में पार्टी ने कल के 28 नाम रिपीट किए हैं। सिर्फ श्रीमाता वैष्णो देवी सीट से पार्टी ने रोहित दुबे की जगह बलदेव राज शर्मा को टिकट दिया है।



### नेशनल कॉन्फ्रेंस की दूसरी लिस्ट- 32 कैंडिडेट्स के नाम

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) ने मंगलवार (27 अगस्त) को दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें 32 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांदरबल से और तनवीर सादिक जदीबल सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने 26 अगस्त को 18 उम्मीदवार घोषित किए थे। पार्टी अब तक 50 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। जबकि एक नाम का ऐलान होना अभी बाकी है। राज्य में NC और कांग्रेस का गठबंधन है। 90 सीटों में से नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें CPI (M) और पैंथर्स पार्टी को मिली हैं।

**फैसला** | कोर्ट ने इससे जुड़ा आयुष मंत्रालय का नोटिफिकेशन भी कर दिया रद्द

# विज्ञापनों से जुड़े केंद्र के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 के नियम 170 हटाने के केंद्र के फैसले पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इससे जुड़ा आयुष मंत्रालय का नोटिफिकेशन भी रद्द कर दिया है। नियम 170 आयुर्वेदिक, सिद्ध या यूनानी दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाता है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र को फटकार लगाई। कहा कि मंत्रालय का नोटिफिकेशन उसके 7 मई, 2024 के आदेश के खिलाफ है। सरकार कोर्ट के आदेश के बावजूद नियम 170 हटाने का फैसला कैसे कर सकते हैं?




### क्या है मामला?

दरअसल, केंद्र ने 29 अगस्त, 2023 को एक लेटर जारी किया था। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियम 170 के तहत कंपनियों पर कोई कार्रवाई शुरू या नहीं करने को कहा गया था। नियम 170 को 2018 में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स,1945 में जोड़ा गया था। इसमें कहा गया कि आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाएं, जिस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में बन रही है, वहां की लाइसेंसिंग अथॉरिटी के अप्रूवल के बिना विज्ञापन नहीं दिया जा सकेगा।

### जस्टिस बोलीं- विज्ञापनों की जांच के लिए नियम 170 लगाई गई

जस्टिस कोहली ने कहा कि नियम 170 हटाने का क्या मतलब है। प्रकाशन से पहले विज्ञापनों पर प्रतिबंध या जांच लगाने के लिए नियम 170 लगाई गई थी। इसकी वापसी का मतलब है कि विज्ञापनों की जांच उसके छपने या प्रसारित होने के बाद ही की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर केंद्र स जवाब भी मांगा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार से स्पष्टीकरण मिलने तक नियम 170 को हटाने वाली 1 जुलाई, 2024 की अधिसूचना स्थगित रहेगी। यानी कंपनियों के लिए यह कानून लागू रहेगी।

## भाजपा दो सितंबर से शुरू करेगी सदस्यता अभियान

**नई दिल्ली।** भाजपा 2 सितंबर से अपना नया सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के विशाल संगठनात्मक अभ्यास की अगुआई करेंगे। पार्टी द्वारा 'संगठन पर्व' के रूप में वर्णित यह विशाल अभ्यास अगले दो महीनों तक चलेगा और दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं से कहा कि इस अभियान की शुरुआत पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की सदस्यता के नवीनीकरण के साथ होगी। इसके पीछे तर्क देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी सदस्यता अभियान हर पांच-छह साल के बाद चलाया जाता है और भाजपा के संविधान के अनुसार सभी मौजूदा सदस्यों को भी अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराना होता है। भाजपा ने उन राज्यों को छोड़कर, जहां चुनाव होने वाले हैं, दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।



## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली शराब नीति से जुड़े CBI केस में CM अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनका शुगर लेवल डाउन हो रहा है। इसी वजह से लंच करने की इजाजत मांगी है। CBI ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते ही हिरासत बढ़ाई। इससे पहले 20 अगस्त को लोअर कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी थी। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को केजरीवाल की CBI की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही जमानत के लिए लोअर कोर्ट जाने को कहा था। 23 अगस्त को CBI ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक पर केस चलाने की मंजूरी मिल गई है। CBI ने केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इस पर भी आज सुनवाई होगी।



- सीएम बोले- शुगर लेवल डाउन हो रहा, लंच की मांग की
- सीबीआई ने 14 दिन की कस्टडी मांगी थी